संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -09 गुरुवार ,09 नवम्बर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# अभद्र भाषा वाले बयान पर बुरे फंसे नीतीश कुमार

## नीतिश के अभद्र भाषा वाले बयान पर मचा भारी बवाल,विपक्ष ने कहा कि ऐसे असभ्य बयान के लिए माफी मांगना काफी नहीं

### सीजेएम कोर्ट में शिकायत दर्ज

**पटना,08 नवम्बर 2023(ए)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधानसभा के अंदर सेक्स एजुकेशन पर बयान देकर बुरी तरह घिर गए हैं। हालांकि नीतीश कुमार ने अगले ही दिन अपने बयान पर माफी मांग ली, लेकिन अब ये मामला कोर्ट तक पहुंच गया है। बुधवार को नीतीश कुमार के बयान को महिलाओं के प्रति अपमानजकर बताते हुए उनके खिलाफ मुजफ्फरपुर की सीजेएम कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई गई। कोर्ट इस मामले पर 25 नवंबर को सुनवाई करेगा।



### नीतीश कुमार पर हो सख्त कार्रवाई: रेखा शर्मा

दूसरी तरफ, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बुधवार को बिहार विधानसभा के स्पीकर को चिट्ठी लिखी और कहा कि महिलाओं के प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ऊपर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने अपनी चिट्ठी में लिखा कि सीएम नीतीश कुमार ने सदन के अंदर जिस भाषा का इस्तेमाल किया, वो बहुत निंदनीय है और उनके ऊपर कार्रवाई होनी ही चाहिए।

### नीतीश ने कहा, मैं अपने शब्द वापस लेता हूं

आपको बता दें कि वधानसभा में सीएम नीतीश कुमार ने जनसंख्या रोकने के लिए सेक्स एजुकेशन और उसमें महिलाओ की भूमिका का मुद्दा उठाया। इस दौरान नीतीश कुमार के शब्दों और उनकी भाषा को लेकर हंगामा मच गया और विपक्ष से लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस बयान की निंदा की। हालांकि विवाद बढ़ता देख नीतीश कुमार ने बुधवार को पहले मीडिया और फिर विधानसभा के अंदर माफी मांगी। नीतीश ने कहा कि उनके बयान की इतनी निंदा हो रही है, इसलिए वो खुद भी निंदा करते हैं और अपने शब्द वापस लेते हैं। लेकिन, विपक्ष ने कहा कि ऐसे असभ्य बयान के लिए माफी मांगना काफी नहीं है।

### विपक्ष ने नीतीश कुमार को घेरा

नीतीश कुमार के बयान को लेकर एआईएमआईएम के अध्यक्ष और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि एक मुख्यमंत्री को विधानसभा के अंदर ऐसी असभ्य भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। ओवैसी ने कहा कि विधानसभा एक पवित्र जगह होती है, वो ऐसी जगह नहीं, जहां इस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया जाए। ओवैसी के अलावा भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने भी नीतीश को निशाने पर लिया और कहा कि उनके ऐसे बयान से पूरा बिहार शर्म महसूस कर रहा है।



# दिल्ली में समय से पहले ही शीतकालीन अवकाश घोषित

### 9 से 18 नवंबर तक बंद रहेंगे सभी स्कूल

**नई दिल्ली ,08 नवम्बर 2023(ए)।** दिल्ली में स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी गई है। दिल्ली में स्कूल अब 20 नवंबर को खुलेंगे। दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने 'विंटर ब्रेक' यानी सर्दियों की छुट्टी घोषित करने का निर्णय लिया है।

शिक्षा निदेशालय के मुताबिक 9 से 18 नवंबर तक स्कूलों में शीतकालीन अवकाश रहेगा। राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण की लगातार बिगड़ती स्थिति को देखते हुए सरकार ने समय से पहले सर्दी की छुट्टी घोषित करने का निर्देश दिया है। अमूमन ये छुट्टियां दिसंबर-जनवरी में तेज ठंड पड़ने के दौरान दी जाती हैं, लेकिन दिल्ली में प्रदूषण की मौजूदा स्थिति को देखते हुए पूर्व निर्धारित दिसंबर-जनवरी के विंटर ब्रेक को अभी से घोषित कर दिए गए हैं।

# मानव तस्करी मामले में एनआईए ने 10 राज्यों में ली सघन तलाशी




**नई दिल्ली,08 नवम्बर 2023(ए)।** देश में मानव तस्करी के खिलाफ एक बड़े अभियान में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को 10 राज्यों में तलाशी ली।

जांच एजेंसी ने कहा, आतंकवाद विरोधी एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एजेंसी की कई टीमों ने मानव तस्करी के मामलों के सिलसिले में त्रिपुरा, असम, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, हरियाणा, पुडुचेरी, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर राज्यों में तलाशी ली। तलाशी आज अल सुबह शुरू हुई। मामले में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

# ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक की मुश्किलें बढ़ी

### ईडी ने भेजा समन;आज बुलाया है पूछताछ के लिए

**नई दिल्ली,08 नवम्बर 2023(ए)।**पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल



कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है। उनसे 9 नवंबर को पूछताछ की जाएगी। सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक, अभिषेक बनर्जी इस पूछताछ में शामिल होंगे। हालांकि, अभी तक यह पता नहीं चल सकता है कि उन्हें किस मामले में समन भेजा गया है।

# दिल्ली-एनसीआर ही नहीं पाकिस्तान से लेकर बंगाल की खाड़ी तक फैला जहरीला धुआं

- » नासा के सैटेलाइट ने दिखाई तस्वीरें
- » दिल्ली-एनसीआर में छाई जहरीले धुएं की चादर।
- » नासा की सैटेलाइट तस्वीर में दिखा पाकिस्तान से लेकर बंगाल की खाड़ी तक प्रदूषण।




**नई दिल्ली,08 नवम्बर 2023(ए)।** दिल्ली-एनसीआर सहित आसपास के शहरों में प्रदूषण से स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। नासा के वर्ल्डवाइड सैटेलाइट से भी तस्वीरें डराने वाली सामने आई हैं। इससे पता चल रहा है कि दिल्ली सहित आसपास के राज्यों पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के ऊपर जहरीले धुएं को उजागर किया है।

सैटेलाइट इमेज बहुत ही डरावने वाली है। जहरीला धुआं पाकिस्तान से लेकर बंगाल की खाड़ी तक फैला हुआ है। इस क्षेत्र में प्रदूषण बहुत है।

दिल्ली-एनसीआर के ऊपर भी बहुत धुआं छाया है। यह तस्वीरें 8 नवंबर की है। वहीं, एक नवंबर की भी तस्वीर सामने आई है। जिसमें आज के मुकाबले कम जहरीला धुआं दिख रहा है। हालांकि हालात वैसे ही हैं। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक पिछले कई दिनों से गंभीर श्रेणी में बना हुआ है।

नासा वर्ल्डव्यू के दृश्यों में भारत के उत्तरी मैदानी इलाकों में धुंध की मोटी चादर छाई हुई दिखाई दी, जिससे दिल्ली के आसपास के कई शहरों में हवा की गुणवत्ता स्वास्थ्य के लिए खराब हो गई।

### आज का एक्यूआई

दिल्ली में बुधवार (8 नवंबर) को एक्यूआई 421 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी को दर्शाता है। पड़ोसी गाजियाबाद में वायु गुणवत्ता सूचकांक 382, गुरुग्राम में 370, नोएडा में 348, ग्रेटर नोएडा में 474 और फरीदाबाद में 396 था।

# एनआईए का एक साथ 15 स्थानों पर छापा

### अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशियों को पकड़ा





**बेंगलुरु,08 नवम्बर 2023(ए)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को छापेमारी के दौरान बेंगलुरु में अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया। सूत्रों ने बताया कि एनआईए की टीमों ने राज्य की राजधानी में सोलादेवनहल्ली, के.आर. पुरम तथा बेलंदूर, और इसके बाहरी इलाके समेत 15 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अधिकारियों को कम से कम आठ बांग्लादेशी मिले जो सीमा पार से घुसपैठ कर लंबे समय से देश में रह रहे थे। इस संबंध में अभी आधिकारिक बयान आना बाकी है। और अधिक जानकारी सामने आनी बाकी है। छापेमारी सुबह-सुबह की गई। देश में मानव तस्करी के खिलाफ एक बड़े अभियान में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को 10 राज्यों में तलाशी ली।

# मुख्तार के बेटे उमर अंसारी ने किया सरेंडर

- » विधानसभा चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण और आचार संहिता का मामला

**मऊ,08 नवम्बर 2023(ए)।**विधानसभा चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण देने व आचार संहिता के कुल तीन मामलों में मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी ने बुधवार को एमपी/एमएलए मजिस्ट्रेट श्वेता चौधरी की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। कोर्ट ने 20 हजार के मुचलके पर जमानत दे दी है।



कोतवाली व दक्षिणटोला के मामलों में उमर अंसारी काफी समय से अदालत में उपस्थित नहीं हो रहा था। अदालत में उनकी पत्रावली अन्य आरोपितों से अलग कर गैर जमानती वारंट व कुर्की का आदेश जारी किया था। उमर अंसारी के अधिवक्ता गाजीपुर से आए लियाकत अली ने बताया कि आचार संहिता के भड़काऊ भाषण देने के मामले में उच्च न्यायालय द्वारा अग्रिम जमानत का आदेश मिला है। इसके तहत जमानत पत्र दाखिल किया गया।

वहीं, एक अन्य मामले में उच्च न्यायालय ने उमर अंसारी के विरुद्ध गैर जमानती वारंट व कुर्की का अधीनस्थ अदालत का आदेश निरस्त कर दिया है। वहीं, आचार संहिता के तीसरे मामले में अदालत में आत्मसमर्पण कर उमर अंसारी की तरफ से जमानत का आवेदन दिया गया है। इस पर न्यायालय ने 20 हजार की दो जमानत व मुचलके पर छोड़ने का आदेश दिया है।

आरोपित के अधिवक्ता ने यह भी बताया कि आचार संहिता के कुल चार मामलों में एक मामला विजय जुलूस वाले में सीआरपीसी में रिट याचिका के तहत यह मामला निरस्त कर दिया गया है और तीनों मामलों में भी रिट दाखिल की गई है।

# महादेव ऐप मामले मे अब मुंबई पुलिस ने कसा शिकंजा

**मुंबई,08 नवम्बर 2023(ए)।**मुंबई पुलिस ने बुधवार को महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर के खिलाफ मामला दर्ज किया। सूत्रों के मुताबिक, 2019 से अब तक ऑनलाइन सट्टेबाजी एप्लीकेशन के जरिए करीब 15,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई है। पुलिस ने चंद्राकर के अलावा रवि उप्पल और शुभम सोनी समेत कुल 32 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस मामले में आईपीसी की धारा 420, 465, 467, 468, 120 (बी) और आईटी एक्ट की धारा 66 (सी), 66 (एफ) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने इस मामले में आईटी की जो धारा 66 (एफ) लगाई है उसका मतलब है साइबर आतंकवाद के लिए सजा÷। यह धारा बहुत ही कम मामलों में लगाई जाती है और खासकर ऐसे मामलों में जिनमें भारत की अखंडता, एकता और सुरक्षा खतरे में हो।सट्टेबाजी ऐप के कथित मालिक शुभम सोनी ने दुबई से एक वीडियो जारी किया जिसमें उन्होंने सनसनीखेज दावा किया कि उन्होंने सीएम और उनके सहयोगियों को 508 करोड़ रुपये दिए। चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ में छापेमारी के दौरान ईडी द्वारा लगभग 5 करोड़ रुपये नकद जब्त किए जाने के बाद महादेव ऐप सुर्खियों में आया।




# सुरक्षाबलों के 48 जवानों की हत्या में शामिल नक्सली कमांडर नवीन ने किया सरेंडर



### 15 लाख का था इनाम

**रांची ,08 नवम्बर 2023(ए)।** झारखंड-बिहार में नक्सली पुलिस और सुरक्षाबलों के 48 जवानों की हत्या में शामिल और प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के टॉप कमांडरों में शामिल 15 लाख का इनामी नवीन यादव ने आज सरेंडर कर दिया। उसने झारखंड के चतरा जिले के डीसी अबु इमरान, एसपी राकेश रंजन और सीआरपीएफ 190 बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

# सौर अग्नि की एक्स रे झलक खींची जो नासा से भी अधिक सटीक

**नई दिल्ली,08 नवम्बर 2023(ए)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने सूर्य का अध्ययन करने के लिए आदित्य एल1 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इसके बाद अब आदित्य एल1 ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। आदित्य एल1 ने सौर ज्वाला रिकॉर्ड की है। आदित्य एल1 के रिकॉर्ड में नासा के उपग्रह की तुलना में एक्स-रे को अधिक सटीकता से मापने की क्षमता दिखाई गई है।रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत के आदित्य एल1 अंतरिक्ष यान पर हाई एनर्जी एल1





ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर ने पहली बार सौर ज्वालाएं रिकॉर्ड की हैं। इसरो ने घोषणा कर यह जानकारी दी। पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बचकर आदित्य एल1 वर्तमान में लैग्रेंज प्वाइंट 1 (एल1) की ओर यात्रा कर रहा है। एल 1 जो पृथ्वी से सूर्य की ओर 1.5 मिलियन किलोमीटर दूर है, तक पहुंचने से पहले अंतरिक्ष यान पर विभिन्न उपकरण परीक्षण किए जा रहे हैं।इस बीच अब इसरो ने एक नए मिशन पर काम शुरू कर दिया है। चंद्रमा, सूर्य के बाद अब इसरो मंगल ग्रह के रहस्य को जानने की कोशिश करेगा। इसके लिए इसरो ने तैयारी शुरू कर दी है। इसरो 2024 में मंगलयान-2 मिशन लॉन्च करेगा। इसरो उस रहस्य को सुलझाने की कोशिश करेगा जिसमें नासा सफल नहीं हो पाई है। हालांकि, उससे पहले इसरो का फोकस मिशन गगनयान पर है। यह भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है।

# आईएसआईएस दो आतंकी झारखंड से गिरफ्तार

- » पाक से जुड़े तार,रच रहे थे फलिस्तीन में फिदायनी हमले की साजिश
- » झारखंड पुलिस की एटीएस ने हजारीबाग व गोड्डा से दोनों को दबोचा, पाकिस्तान व अफगानिस्तान के आतंकियों के थे संपर्क में
- » इनका लक्ष्य था फिलिस्तीन जाकर फिदायीन हमला कर मस्जिद-ए-अल अक्सा को यहूदियों से आजाद कराना

**रांची,08 नवम्बर 2023(ए)।** झारखंड पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने गोड्डा व हजारीबाग से आतंकी संगठन आइएसआइएस के सक्रिय दो आतंकियों गिरफ्तार कर लिया है

गिरफ्तार आतंकियों में गोड्डा जिले के रहमतनगर, महमूदनगर असनबनी निवासी आरिज हसनैन व हजारीबाग के पेलावल ओपी स्थित महतो टोला निवासी



नसीम शामिल हैं।

दोनों पाकिस्तान व अफगानिस्तान के आतंकी संगठनों के संपर्क में थे। इनका लक्ष्य फलिस्तीन जाकर फिदायीन हमला कर मस्जिद-ए-अल अक्सा को यहूदियों से आजाद कराना था।

दोनों इंटरनेट मीडिया के माध्यम से विभिन्न आतंकी संगठनों का प्रतिबंधित वीडियो देखकर अपने साथियों में इसका प्रचार करते थे।

इसी क्रम में वर्ष 2020 से ही ये फेसबुक के माध्यम से कई कश्मीरी युवक-युवतियों के भी संपर्क में आए। एटीएस इसकी भी जांच कर रही है। ये प्रतिबंधित आतंकी संगठन के सदस्य हैं।

# मणिपुर में सैनिक के परिवार वालों समेत 4 का अपहरण;फायरिंग में 7 लोग घायल

**इंफाल,08 नवम्बर 2023(ए)।** देश के पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर से लगातार हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। अब यहां मैतेई समुदाय द्वारा 4 लोगों का अपहरण करने की घटना सामने आई है। खास बात यह है कि इसमें एक सैनिक के घर के तीन लोग भी शामिल हैं। यह घटना इंफाल पश्चिम जिले में हुई। इसके बाद यहां फिर से हिंसा भड़क गई है।अपहरण की खबर फैलते ही कुकी समुदाय के



लोगों ने कांगपोकपी जिले सहित इंफाल पश्चिम और कांगचुप इलाकों में गोलीबारी शुरू कर दी। दो पुलिसकर्मी और एक महिला समेत 7 लोग घायल हो गए हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'मैतेई समुदाय के लोगों ने 5 लोगों का अपहरण कर लिया था, जिसमें एक 65 वर्षीय व्यक्ति भी शामिल था। महत्वपूर्ण बात यह है कि बुजुर्ग व्यक्ति को बचा लिया गया और अन्य 4 लोग, दो पुरुष और दो महिलाएं लापता हैं।

CMYK

## संपादकीय

### भारत की दो हकीकतें

भोजन और आवास के लिए रोजमर्रा का संघर्ष करने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है, लेकिन सरकार और संस्थाओं में लोगों का यकीन मजबूत होता गया है। गैलप वर्ल्ड की ताजा रिपोर्ट से भारत के इस अंतर्विरोध पर रोशनी पड़ी है।

भारतीय समाज की इस समय दो हकीकतें हैं। बहुसंख्यक आबादी की जिंदगी अधिक संघर्षपूर्ण होती गई है, मगर उसी समय लोगों में भविष्य बेहतर होने का भरोसा मजबूत होता गया है। भोजन और आवास के लिए रोजमर्रा का संघर्ष करने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है, लेकिन सरकार और संस्थाओं में लोगों का यकीन मजबूत होता गया है। गैलप वर्ल्ड दुनिया की भरोसेमंद सर्वे एजेंसी है। वह हर साल अलग-अलग देशों के बारे में अपनी रिपोर्ट जारी करती है। भारत में 2022 में किए गए सर्वे की रिपोर्ट कुछ समय पहले जारी हुई है। इसके जो निष्कर्ष हैं, उन्हें दो श्रेणियों में रखा जा सकता है। पहली श्रेणी के निष्कर्ष हैः युवाओं का अपने बेहतर भविष्य में भरोसा मजबूत हुआ है, ऐसे लोगों की संख्या बढ़ी है जो मानते हैं कि उनके बच्चों के अवसर बेहतर हुए हैं, शिक्षा को लेकर संतोष में वृद्धि हुई है, बहुसंख्या यह मानती है कि नौकरी पाने के लिहाज से यह अच्छा समय है, उपलब्ध वायु और जल की गुणवत्ता से संतुष्ट लोगों की संख्या बढ़ी है, और साल भर पहले की तुलना में वित्तीय संस्थानों में भरोसा रखने वाले लोगों की संख्या बढ़ गई है। अब दूसरे निष्कर्षों पर गौर करेः हर दस में चार व्यक्ति ने कहा कि (2022 में) उसे रोजमर्रा के भोजन के लिए ज्यादा जद्दोजहद करनी पड़ी, और ऐसे लोगों की संख्या बढ़ी जिन्हें लगता है कि आवास उनकी पहुंच से और दूर हो गया है। गैलप सर्वे के इस अंतर्विरोध का विश्लेषण करते हुए तीन अर्थशास्त्रियों ने एक अखबार में लिखा- 'सत्ताधारी एनडीए में लोगों का ऊंचा भरोसा बना हुआ है। हिंदुत्व, अति केंद्रीकरण, और व्यक्ति पूजा की बढ़ी संस्कृति इसके पीछे प्रेरक तत्व हैं। लेकिन हम अपने विश्लेषण से इस निष्कर्ष पर हैं कि दरअसल, एनडीए में ऊंचा भरोसा भोजन और आवास की स्थिति बिगड़ने का एक कारण है।' दरअसल, जिस समय चुनाव आयोग से लेकर न्यायपालिका तक और आम जांच एजेंसियों से लेकर सेबी तक की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठे हों, संस्थाओं में भरोसा बढ़ना एक विडंबना ही है। मगर भारत इस समय ऐसे ही अंतर्विरोध में जी रहा है।

# न्यायिक सक्रियता से क्या टकराव बढ़ेगा ?

न्यायपालिका और विधायिका के बीच टकराव का क्या नया दौर शुरू होने जा रहा है? देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने एक मीडिया समूह के कार्यक्रम में कहा है कि विधायिका चाहे तो नए कानून बना सकती है लेकिन वह अदालत के किसी फैसले को सीधे खारिज नहीं कर सकती है। यह उनका अपना आकलन नहीं है, बल्कि संवैधानिक स्थिति है, जिसका जिक्र करके उन्होंने स्थिति स्पष्ट की। इस बयान को एक के बाद एक हो रही घटनाओं के साथ मिला कर देखें तो समझ में आता है कि आने वाला समय टकराव का हो सकता है। एक के बाद एक अनेक ऐसे मुद्दे सुप्रीम कोर्ट के सामने पहुंच रहे हैं, जिनमें संविधान का सवाल शामिल है। संभवतः तभी चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कुछ समय पहले कहा था कि वे सात सदस्यों की एक स्थायी संविधान पीठ गठित करने पर विचार कर रहे हैं। अगर ऐसा होता है तो इसका मतलब होगा कि टकराव नहीं भी हो तो विधायिका और न्यायपालिका में स्थायी तनाव बना रहेगा।

वैसे अभी तक देश की उच्च न्यायपालिका और सरकार के बीच एक मुद्दे को छोड़ कर टकराव की स्थिति नहीं बनी है। टकराव का एकमात्र मुद्दा जजों की नियुक्ति का है। सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम की ओर से भेजी गई सिफारिशों को सरकार आंख मूंद कर स्वीकार नहीं कर रही है। इस पर कई जज आपत्ति कर चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने पिछले दिनों कहा कि वह हर 15 दिन पर इस मसले पर सुनवाई करेगी। चीफ जस्टिस ने कहा कि सरकार कॉलेजियम की ओर से भेजे गए नामों को एक बार में मंजूरी नहीं दे रही है, जिससे जजों की वरिष्ठता प्रभावित हो रही है। कॉलेजियम की ओर से भेजी गई दर्जनों सिफारिशें सरकार के पास लंबित रहती हैं। सो, जजों की नियुक्ति के एक मामले को छोड़ दें तो सरकार और न्यायपालिका में टकराव नहीं हुआ है। अदालतें सुनवाई के दौरान सख्त टिप्पणी करती हैं लेकिन फैसला उस टिप्पणी के अनुरूप नहीं करती हैं। कई बार टिप्पणी के बिल्कुल विपरीत फैसला होता है। टिप्पणियों से लगता है कि अदालत बहुत नाराज है और



सरकार के खिलाफ फैसला आएगा लेकिन ऐसा नहीं होता है। परंतु आने वाले दिनों में यह स्थिति बदल सकती है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ का एक साल का अगला कार्यकाल टकराव वाला हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट के कुछ फैसलों से इसकी बुनियाद रखी जा चुकी है। मिसाल के तौर पर एक फैसला महाराष्ट्र के स्पीकर को विधायकों की अयोग्यता के बारे में फैसला करने की टाइमलाइन देने का है। केंद्र और राज्य सरकार के विरोध के बावजूद सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर राहुल नार्वेकर को कहा कि वे शिव सेना विधायकों की अयोग्यता पर 31 दिसंबर तक और एनसीपी विधायकों की अयोग्यता पर 31 जनवरी तक अंतिम फैसला करें। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने कई बार स्पीकर की निष्क्रियता को लेकर टिप्पणी की थी। अदालत ने कहा था कि वे अनिश्चितकाल तक मामले को लंबित नहीं रख सकते। लेकिन स्पीकर ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। उलटे उन्होंने कहा कि वे फैसले में न देरी करेंगे और न जल्दबाजी करेंगे क्योंकि जल्दबाजी करने से अन्याय होने की संभावना बढ़ जाती है। उनके इस रवैए को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आदेश पारित कर दिया। इस मामले में सरकार ने कहा था कि इससे पीठासीन अधिकारियों को टाइमलाइन देने की गलत परम्परा शुरू होगी और हाई कोर्ट भी इस तरह के आदेश देने लगेंगे। इसके अलावा दो और मामले थे, जिनमें लगा था कि अदालत का टकराव सरकार के साथ बढ़ सकता है, लेकिन सर्वोच्च अदालत ने अपने फैसले से इस स्थिति को टाल दिया। पहला मामला दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत का था, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने ईडी के कामकाज को लेकर बहुत सख्त टिप्पणी की थी। अदालत ने यहां तक कहा था कि एजेंसी सबूत ले आए नहीं तो केस दो मिनट नहीं टिकेगा। हालांकि बाद में अदालत ने सिसोदिया को जमानत नहीं दी। इसी तरह दूसरा मामला आप के ही दूसरे नेता राघव चड्ढा का था। उनको राज्यसभा से निलंबित किए जाने पर अदालत ने बहुत सख्त टिप्पणी की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इस तरह से सदस्यों को अनिश्चितकाल के लिए निलंबित करना चिंताजनक है। तब लगा था कि शायद अदालत संसद के दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों को लेकर कोई आदेश पारित कर सकती है। लेकिन अंत में अदालत ने चड्ढा को कहा कि वे राज्यसभा के सभापति से बिना शर्त माफी मांग कर मामले को खत्म करें। साथ ही सभापति को भी अदालत ने कहा कि अगर चड्ढा बिना शर्त माफी मांगते हैं तो वे सहानुभूतिपूर्वक इस पर विचार करें।

इन दो-तीन मामलों के बाद अब जो मामले सर्वोच्च अदालत के सामने लम्बित हैं और एक के बाद जिस तरह के मामले अदालत के सामने पहुंच रहे हैं उसे देखते हुए लग रहा है कि आने वाले दिनों में टकराव का नया दौर शुरू हो सकता है। इन मामलों में चुनावी बॉन्ड का मामला है, जिस पर सुनवाई पूरी करके अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले में भी सुनवाई के दौरान अदालत की टिप्पणी बहुत सख्त थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मानने में बहुत मुश्किल है कि नागरिकों को चंदे का स्रोत जानने का हक नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि इस मामले में चुनिंदा गोपनीयता है यानी सत्तापक्ष को स्रोत का पता है, जबकि विपक्ष को नहीं पता है। इस मामले में अदालत का फैसला बहुत अहम होगा। इसी तरह प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के अधिकारों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई भी अहम होगी। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में अपने ही फैसले के कुछ पहलुओं की समीक्षा करने वाली है।

इसके अलावा विपक्ष के नेता जिस रफ्तार से सुप्रीम कोर्ट की दौड़ लगा रहे हैं उससे भी टकराव की संभावना पैदा हो रही है। हाल के दिनों में तीन राज्य सरकारों ने अदालत का रुख किया है। पंजाब सरकार इस बात को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची है कि राज्यपाल ने विधानसभा सत्र में पेश करने के लिए भेजे गए विधेयकों को मंजूरी नहीं दी। हालांकि पंजाब सरकार के अदालत में जाने और उस पर सुनवाई से पहले राज्यपाल ने दो धन विधेयकों को मंजूरी दे दी। इसी तरह तमिलनाडु और केरल की सरकारें सुप्रीम कोर्ट पहुंची हैं। उनका कहना है कि राज्यपालों ने विधानसभा से पास किए गए विधेयकों को लटका कर रखा है, उस पर मंजूरी नहीं दे रहे हैं। इस बीच तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा का मामला आया है। लोकसभा की एथिक्स कमेटी अगर उनकी सदस्यता खत्म करती है तो वे इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगी। ध्यान रहे पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने मानहानि के मामले में राहुल गांधी को राहत दी थी, जिसके बाद उनकी सदस्यता बहाल हुई थी और अब राजद के नेता तेजस्वी यादव भी सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। बहरहाल, राज्यपालों के अधिकारों और कामकाज से लेकर संसद व विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारियों और केंद्रीय एजेंसियों के कामकाज से लेकर राजनीतिक दलों के चंदे से जुड़े इतने मामले में अदालत में पहुंच गए हैं या पहुंचने वाले हैं कि आने वाले दिन टकराव वाले हो सकते हैं।

**-अजीत द्विवेदी-**

## सवाल

उस प्रश्न के लिए
उत्तर कुछ भी नहीं है
कोई नहीं जानता
ये कोई नहीं समझता
द रीज़न...
वही वह सवाल है
आप कौन हैं ? इतना ही
इसलिए...
उस प्रश्न के लिए
आप उत्तर ढूंढ रहे हैं
अगर आप ऐसे सर्च करते हैं
आपके लिए एक भोजन
हो सकता है उत्तर...
शायद उपलब्ध न हो



**ओत्तेरी सेल्वा कुमार**
चेन्नई
तमिलनाडु

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## गौरागीत

जोहर जोहर मोर ठाकुर देवता
मइया गौरी के होवत हे बिहाव।
काकर अंगन चक-चंदन लागत हे
काकर चलत हे बरात...
राजा हिमांचल के अंगन
चक-चंदन लागत हे
भगवान महादेव के चलत हे बरात
जोहर जोहर....
काकर अँछरा अगिन बरत हे
काकर निखरत हे मुखरा...
रानी मैना के अँछरा अगिन बरत हे
मइया गौरी के निखरत हे मुखरा
जोहर जोहर....
कोन कोन बने हे बरतिया
कामे करे महादेव सवार...
ब्रम्ह बिष्णु भूत-प्रेत बने बरतिया
महादेव नंदी बइला मा करे सवार
जोहर जोहर....।



**टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'**
घोटिया-बालोद
(छत्तीसगढ़)

## देवारी के सरप्राइज



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

चल घर ओ रघु के दाई। अबड़ बेरा होगे। कल अउ आ जाबोन। भूख घलो लगत हे। अहादे बेरा घलो ठढ़ियागे हे। मुँड़ ह तीपत हे। करगा छाँटत राम्हीन ल मयाराम ह मेड़ म ठाढ़े-ठाढ़े हूँद कराइस।

करगा ल पुदगत-पुदगत राम्हीन कहिथे- ले न थोरिक रूक न , ताहन जाबोन। मुठा के करगा ल मेंड़ म फेंके बर माँगत मयाराम फेर तिखारिस-घर बुता तो घलो परे हे ओ बही। तिहार लक्ठा गेये हे।

ले अब काहत हस ते, काली अउ आ जाबोन। देवारी के घर-बुता अड़बड़ बुता ताय। करगा ल डेटरासुद्धा मुरकेटिस, अउ मेंड़ म बम्भुर रुख अरझा दिस।

मेंड़ बड़ ऊपर हे ओ। दे तोर हाथ ला। काहत राम्हीन के हाथ ल झींकत खानी मयाराम ल हाँसी आगे।

ले धर, अउ ज्यादा हाँस झन । तोला बड़ हाँसी आत हे। राम्हीन थोरिक जोरहा आवाज म किहिस।

ले वो बही एक कनी म रिसा जाथस तहुँ हा। मायाराम राम्हीन संग भुरियाय अस गोठियाइस।

राम्हीन कहिथे-घर मा लोगङ्क लइका मन सँसो करत होही अउ तोला मजाक सूझे हे।

घर पहुँचीन ता देखथें, रघु हर नानचुन चड्डा ला पहिरे जाला-धुर्रा ला झर्रात रहे अउ उर्मिला निसेनी ला धरे रहे। अइइइ...अईई.... हाथ-गोड़ ला टोर डरहू का रे। राम्हीन खिसियाय अस किहिस-भरे तिहार मा तोर जम्मों संगवारी मन फटाका फोड़ही अउ ते खटिया मा परे रहिबे। चल उतर उतर।

करन दे न ओ रघु के दाई। तोर बुता जल्दी हो जाही। चल भात ला हेर। पेट म मुसुवा कूदत हे। मायाराम पेट ल टमरत कहिथे। तभे उर्मिला कहिथे- बइठ ना तो बाबू। मेहा इडहर कढ़ही राँधे हों। उर्मिला के गोठ ल सुन के पेट के मुसुवा अउ तरमराये लगिस मयाराम के। खाय बर बइठिस। सरपट-सरपट खाय के बाद मयाराम कहिथे- वाह ! बेटी, मजा आ गे खाय म। पेट के आगी चुमुक ले बुताइस। कस वो राम्हीन ? राम्हीन ला तो देवारी बुता के संसो धरे हे। काला हुँकारू देही बिचारी हा।

आज संझा बेरा ठक ले परोसी लीलावती पहुँचगे। चर-चर ले गहना ला ओरमाये रहे। हूँत करात, कहाँ हस ओ भउजी.... काम बुता सिरागे या .... काहत घर म निंगीस। राम्हीन हाथ ला लमावत कहिथे काला सिराही या नोनी। खेत के काम ला घलो देखे ला लगथे।

काय होगे भउजी ? लीलावती ल अचरज लागिस।

अई....! अभी ले तैं हा गहना-गुँठा ला ओरमा ले हस या। बने पूजा-पाठ कर के नइ पहिरतेस या ? राम्हीन के गोठ ऊपर गोठियाइस- वा...! येकर बर का पूजा-पाठ करबे भउजी।

दूनोझन गोठियात रहिन, तइसने म रघु लीलावती के बात ला सुन डारिस। कहिथे- वो हा कहाँ पूजा करही माँ गहना-गुँठा ला। तोला देखाय बर पहिरके आ हे फुफु ह हमर घर । नानुक रघु के गोठ ह लीलावती ला थोरिक जरे कस लगिस। तभे मयाराम हर मुहूँ ला टेड़गा करत कहिथे- चल रे टूरा अब्बड़ गोठियाथस। चल भाग ये मेर ले। राम्हीन अउ मयाराम घलो हाँस डरथें।

तैं कुछू नइ ले हस का या भउजी येसो के देवारी मा ? लीलावती फेर पूछ परिस। काला लेबे ओ लीलावती गरीब मनखे। चुरथे ता खाथन बहिनी। राम्हीन भउजई-चुमकही मारिस। थोरिक बेर ले हँसी-मजाक करके लीलावती अपन घर लहुँटिस।

आज सुरहुत्ती घलोक आगे। बिहनिया ले मयाराम अउ लोग-लइका उठके पूजा-पाठ के तियारी करे लगिन। रघु अपन संगी मन संग खेले ला भाग गे। ओकर संगी मन पूछथे- का ले हस रघु येसो देवारी म यार ? फटाका घलो नइ फोरत हस ? रघु कुछू कहितिस तेकर पहिली लीलावती खोर ल बाहरत लइका मन के बात ला सुन डारिस। टांट मारत कहिथे- ये मन का ले सकथें गा बाबू हो। रघु ला पूछथस, सरी दिने इँखर घर गरीबी छाए रहिथे। चिरहा ओन्हा ला पहिरके तो येखर दाई-बाबू मन खेत जाथें। आज तो लक्ष्मी पूजा करे के बाद जम्मों पारा-परोस के मन सकलाही ता देख लेहू, नानचुन चड्डा ला पहिर के आही ते ला। सबो झन नवा पहिरही ता रघु हा चड्डा ला ओरमाये रही। हाँसत-हाँसत लीलावती भीतरी म खुसर गे। रघु के संगवारी मन कलेचुप होगें। रघु के एंड़ी के रीस तरुवा चढ़गे। चिल्लावत कहिथे- हमन तो सरप्राइज रखे हन ओ फुफु, देखत तो रहिबे।

का...! तुमन मन काय सापराइस रख हू रे। लीलावती कहिथे।

सापराइस नहीं ओ फुफु, सरप्राईज.... कहिथे। जम्मो लइका मन हाँस डारिन। फेर मुहाटी म आके कहिथे- देखबोन, तुमन काय रखे हो तेन ला।

घर जा के जम्मों बात ला अपन दाईङ्कबाबू ला बताइस रघु हर- बाबू सबझन हमन ला गरीब लाचार समझथें, अउ तैं कुछू नइे काहस, अउ मोरो बर तो कुछू नइ ले हस ये साल। गोठियात-गोठियात रघु गोहार पारके रो डारिस। अब वोला चिंता होवन लागिस कि कहाँ के सरप्राईज दे पाहूँ कहिके।

मयाराम संझा खेत ले घूमके घर मुस्कावत आइस। कहिथे- रघु बेटा, वो बारी पार जा तो। रघु मोर पनही ला लान बेटा। रघु बारी पार जाके देखथे ता,देखते रही जाथे, घेरीङ्कबेरी आँखी ला रमंजङ्करमंज के देखिस ता नवा रेंजर साइकिल ल देख चकचका जाथे। रघु हर मयाराम कर दउँड़त आके कहिथे- बाबू ये रेंजर साइकिल मोर बर हरे का ? मयाराम ले हाव सुनके रघु के खुशी के ठिकाना नइ रहे। राम्हीन हर हाँसत रघु ल कहिथे- ता तोर बाबू बर थोड़ी रही रेंजर साइकिल ह ? वोला चलावत खेत जाही का ? तभे मयाराम तको मजाक कर देथे- रघु के छुट्टी के दिन उही म बइठार के लेगहू वो बही तोला खेत। टार तोर गोठ ला रघु के बाबू। लइका मन के आघू म रंग-रंग के गोठियाथस। मोला लाज लगथे।÷

येसो मयाराम ह उर्मिला बर साँटी ले रथे। राम्हीन ला पूछथे- तोला का चाही ओ रघु के दाई ? नइ लगे कुछू हमला। लइका मन खुश ता हमूँ खुश।

नहीं ओ...। लागही तहूँ ला। काहत मयाराम के मया झुमका बनके राम्हीन के दूनो कान म झूलन लागथे। जम्मो झन खुश हो जाथें। रघु के सरप्राइज के संगे-संग सबोझन ला सरप्राइज मिल जाथे। रघु कहिथे- या ..... ये तो हमरे मन बर सरप्राइज होगे। ताहन फेर रघु अपन नवा रेंजर साइकिल ला चलावत खोर म निकलिस। राम्हीन झुमका पहिर के घर मुँहाटी के चौंरा म बइठिस। उर्मिला छमछमे करत दुवारी मा निकलिस। तभे लीलावती ह ये सबझन ल देख परिस। मुहूँ फारे-के-फारे रहिगे।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# एम एस केशरी पब्लिकेशन द्वारा मथुरा में बच्चों के बीच कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**मुजफ्फरपुर,08 नवम्बर 2023।** एम एस केशरी पब्लिकेशन मुजफ्फरपुर बिहार द्वारा बच्चों के बीच आयोजित राष्ट्र स्तरीय कविता प्रतियोगिता में बच्चों नें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मथुरा जिलें के , लेखिक एंव एम एस केशरी पब्लिकेशन कें कार्यक्रम अध्यक्ष ÷संजना चौधरी ÷ जी के देख रेख में श्रीमती शांति देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ब्लॉक - मांट, जिला - मथुरा , राज्य - उत्तर प्रदेश में प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों की श्रेणी कक्षा 1 सें 5 तक थी जिसमें प्रतिभागी प्रतीक उपाध्याय, भूमिका, निखिल, काव्या, सतन्द्रवीर सिंह, पावनी चौधरी, खुशी, मानवी शर्मा, दीपिका कुमारी, हिमांशी कुमारी थी और कक्षा 6



से 10 तक की श्रेणी में प्रतिभागी ज्योति चौधरी, गरिमा चौधरी, हर्षित चौधरी, अन्शु, प्रियांशी चौधरी,ज्योति चौधरी,साक्षी कटारा,कुमकुम शर्मा,अ मधु कुमारी, कीर्ति उपाध्याय,भूमि गावर, प्रशान्त कुमार,शिवानी कुशवाहा, कृष्णा शर्मा, अश्वनी कुमार। तमन्ना शर्मा,गुजंन उपाध्याय जी थी। सभी बच्चों नें एक ए4 साईज की सफेद कागज पर अपना नाम, विद्यालय का नाम और एक कविता लिखी। सभी बच्चों नें एक सें बढ़कर एक कविता लिखी।दोनों श्रेणियों में तीन बच्चों कों विजेता घोषित किया गया जिन्हें पब्लिकेशन द्वारा फ्रेमिंग की हुई प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा और सभी बच्चों कों साहित्य के क्षेत्र में आगे बढ़ानें हेतु प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम अध्यक्ष संजना चौधरी जी ने बच्चों कों साहित्य के क्षेत्र में आगे बढ़नें हेतु सराहनीय योगदान किया है इसलिए उन्हें एम एस केशरी पब्लिकेशन द्वारा राष्ट्र स्तरीय प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह जल्द ही श्रीमती शांति देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ब्लॉक - मांट, जिला - मथुरा , राज्य - उत्तर प्रदेश में रखा जाएगा। जिसमें सभी शिक्षकगण, प्रधानचार्य महोदय और कुछ लेखक एंव लेखिका बच्चों कों सम्मानित करेगे। अंत में सभी बच्चों कों और कार्यक्रम अध्यक्ष संजना चौधरी जी कों बहुत बहुत शुभकामनाएं दी।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## गजल

थाम लो गर हाथ मेरा
जिंदगी बन जाएंगे,
दिल को रोशन जो करे
वो रोशनी बन जाएंगे।
प्यार के रंगों में सजकर
बंदगी बन जाएंगे,
आजमाकर देखलो
तेरी खुशी बन जाएंगे।
बेरहम थे अब तलक
अब आदमी बन जाएंगे,
तुम अगर कह दो सनम
तेरी अभी बन जाएंगे।
बस दुआ मैंने खुदा से
एक ही की है सनम
तुम अगर चंदा बनो
हम चांदनी बन जाएंगे।
आपसे हम दूर रहकर
जी नहीं सकते कभी
खत्म गर गुस्सा न होगा
अजनबी बन जाएंगे



**कुमारी गुड़िया गौतम**
(जलगांव)
महाराष्ट्र

## तू देश हित वोट कर

समय निकल रहा है,
नहीं आएगा लौटकर,
तू देश हित वोट कर,
तू देश हित वोट कर।
यदि लालच में आकर देगा वोट,
नहीं होगा देश का विकास,
यह बात अपने जेहन में नोट कर,
तू देश हित वोट कर,
तू देश हित वोट कर।
जाति धर्म संप्रदाय से ऊपर उठकर,
बिना किसी भय के,
तू देश हित वोट कर,
तू देश हित वोट कर।
लोकतंत्र का यह पावन पर्व,
सब बनाएंगे मिलकर,
चित्र नहीं चरित्र देखकर,
तू देश हित वोट कर,
तू देश हित वोट कर।
व्यक्तिगत हित को त्याग कर,
सही व्यक्ति का चुनाव कर,
तू देशहित वोट कर,
तू देश हित वोट कर।
आज लेते हैं हम शपथ,
वोट के बदले नहीं लेंगे कोई नोट,
तू देश हित वोट कर,
तू देश हित वोट कर।



**श्याम सुंदर साहू**
राजिम
गरियाबंद ( छत्तीसगढ़. )

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# कुत्तों से सावधान



**प्रोफेसर शाम लाल कौशल**
रोहतक
हरियाणा

मनुष्य का और कुत्ते का बहुत लंबे समय से संबंध रहा है। कुत्ता सुरक्षा में बहुत मदद करता है। घरों की सुरक्षा के लिए लोग कुत्ते पालते हैं। आजकल तो पुलिस और मिलिट्री वाले भी मुजरिमों को पकड़ने के लिए या निशान देही के लिए सुरक्षात्मक दृष्टि से कुत्ते रखने लगे हैं। कुछ लोग अकेलेपन को दूर करने के लिए भी कुत्ते पालते हैं। आजकल कुत्ता संस्कृति का प्रसार तेजी से हो रहा है। लोग अपने यहां बुलडॉग रखना ज्यादा पसंद करते हैं। कुछ कुत्तों का भौंकना उनके काटने से भी ज्यादा खतरनाक होता है। आप कुछ लोगों को सुबह कुत्तों को सैर कराते हुए देखते होंगे। मेरे एक डाक्टर मित्र का कहना है कि कुत्ते के बदन को सहलाने से हार्ट अटैक से बचा जा सकता है। घरों में कुत्ते रखना एक प्रकार से स्टेटस सिंबल भी बनता जा रहा है।

वैसे कुत्ते का पालना कोई बच्चों का खेल नहीं। पालतू कुत्ते को एक निश्चित खाना पीना और रहने की जगह देनी पड़ती है। कुछ लोग कुत्ते की देखभाल अपनी संतान की तरह करते हैं। यहां पर बात पालतू कुत्ते की कम और आवारा कुत्ते की ज्यादा करना चाहता हूं। आज हर शहर, हर गली, हर मोहल्ले में आपको दर्जनों कुत्ते देखने को मिल सकते हैं। यह कुत्ते मोहल्ले के लोगों और वहां से गुजरने वाले लोगों के लिए बहुत बड़ी मुसीबत बने हुए हैं। यह कुत्ते घरों के आगे गंदगी फैलाते हैं, गली, मोहल्ले में से गुजरने वाले साइकिलिस्ट, स्कूटर सवार या कार के पीछे



भागते हैं, दुर्घटना का डर बना रहता है। यह आवारा कुत्ते बच्चों या बड़ों को चुपचाप जाकर काटते हैं। कई बार कुत्तों के डर की वजह से लोगों को अपना रास्ता बदलना पड़ता है। समय-समय पर कुत्तों के काटने से लोगों को रेबीज की बीमारी होने या फिर कुत्तों के द्वारा बच्चों या बड़ों को नोच कर खा जाने मामले सुनने को मिलते हैं। कुछ दिन पहले टीवी के ऊपर एक प्रसिद्ध व्यवसायिक व्यक्ति को कुत्तों के द्वारा घेर कर मार देने का समाचार बताया गया। आवारा कुत्ते कई बार अस्पतालों में से नवजात शिशु को उठा कर ले जाते हैं और नोच डालते हैं। आवारा कुत्तों की समस्या दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। ऐसा माना जाता है कि दुनिया में जितने लोग कुत्ते के काटने से मरते हैं उनमें से 36त्न अकेले भारत में ही मरते हैं जो की सर्वाधिक है। हमारे देश में हर साल लगभग बीस हजार लोग कुत्ते के काटने से रेबीज की बीमारी से मर जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि देश के विभिन्न भागों में राज्यों में लगभग 70 लाख लोगों को हर साल कुत्ते काटते हैं। आवारा कुत्तों को लेकर हमारे समाज के लोग दो भागों में बंटे हुए हैं। कुछ लोग इन आवारा कुत्तों को मार देने का सुझाव देते हैं जबकि कुछ और लोग इन कुत्तों के नसबंदी करने, इनको पकड़ कर शहर के बाहर रखने की बात कहते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि बहुत सारे लोग कुत्ते के काटने की सच्चाई को छुपाते हैं जो कि बाद में ला इलाज रैबीज हो जाती है और मरीज मर जाता है। लगभग 4 साल पहले हमारे देश में 93 लाख आवारा कुत्ते थे जिनकी संख्या बढ़कर अब 9 करोड़ हो गई है। यह आवारा कुत्ते समाज के लिए किसी काम के तो नहीं है लेकिन हां समाज में लोगों की मृत्यु तथा जख्म देने का काम जरूर करते हैं। जब कभी भी किसी को कुत्ता काट जाए तो जख्म को साबुन के साथ धोकर उस पर बेटाडिन लगा देनी चाहिए, जख्म के ऊपर हल्दी का लेप सरसों का तेल नहीं लगाना चाहिए। सरकारी अस्पताल या फिर प्राइवेट किसी डॉक्टर को दिखाकर डॉक्टर के कहने के अनुसार इंजेक्शन लगवाने चाहिए। सरकार ने आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान के लिए काफी पैसा आबंटित किया हुआ है। पहले समय में तो आवारा और पागल कुत्तों को नगर पालिका वाले या पंचायत समितियां मरवा देती थी आजकल कुछ जानवर कल्याण समितियां ने इन कुत्तों को तथा अन्य जानवरों को मारने के बदले में वैकल्पिक उपाय अपनाने के लिए कहा है। आवारा कुत्तों के लोगों को काटने का मुख्य कारण इनका भूखा रहना है, लोगों द्वारा इनको पत्थर मारना है या इनके ऊपर पानी डालना है जिससे यह हिंसक हो जाते हैं और लोगों को काटते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकारों को दिशा निर्देश दिए हैं। हमारे शास्त्रों में भी लिखा गया है कि.... कुत्ते का काटना और कुत्ते का चाटना... दोनों ही खतरनाक हैं। कुत्तों के काटने से बचने के लिए इन्हें इंजेक्शन लगाने चाहिए, उनकी नसबंदी करनी चाहिए, कुत्तों के आश्रयगृह बनाने चाहिए ,इनसे बचने के लिए अपने साथ कोई सोटी या पत्थर लेकर चलना चाहिए। सरकारी अस्पतालों में कुत्तों के काटने के लिए रैबीज से बचने के लिए पर्याप्त संख्या में हर समय मुफ्त इंजेक्शन और चिकित्सा सुविधा मुहैया करानी चाहिए।

बेशक लोग कुत्ते की वफादारी की बातें करते हों, लेकिन बदले हुए माहौल में इनके काटने की समस्या लोगों में आतंक पैदा कर रही है जिसका समाधान सरकार को करना चाहिए।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# राहुल ने कहा:सरकार आई तो कराएंगे जाति जनगणना






**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 08 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

सरगुजा जिले के लुंड्रा विधानसभा अंतर्गत ग्राम कतकालो में बुधवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने आम सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आपका और मेरा रिश्ता तीन माह का नहीं है हमेशा का है मैं जो कहता हूं करता हूं। वो जो कहते हैं नहीं करते। आपके खाते में 15 लाख आया क्या..! इस दौरान जनता ने कहा नहीं..! राहुल ने कहा कि सरकार मोदी जी नहीं अदाणी चला रहे हैं। हम यहां सरकार आते ही जाति जनगणना शुरू कर देंगे। हमने घोषणा की है धान 3200 रुपये में धान खरीदेंगे इससे शुरुआत होगी आगे और बढ़ेगा। ढाई हजार रुपये तेंदूपत्ता बोरी का मिलता था। अब चार हजार मिल रहा है। 23 हजार करोड़ रुपये न्याय योजना में हमने दिया और यदि हम सत्ता में आते है तो किसानों का कर्जा माफ होगा। 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जाएगी। 40 लाख परिवार बिजली के लिए एक रुपया नहीं देना होगा। केजी से पीजी तक शिक्षा मुफ्त, भाजपा स्कूल, अस्पताल को निजी कर देती है। इस दौरान उन्होंने एक व्यक्ति से पूछा कि नाम क्या है उसने बताया गोवर्धन पाठक को पूछा क्या नाम है। उससे उन्होंने कहा कि आदमी पर कोई जानवर पेशाब नहीं।करता पर भाजपा के नेता पेशाब करते हैं.. मतलब आप समझ मकते हैं। जल, जंगल व जमीन के मालिक आदिवासी थे।

# ठंड की शुरुआत,शहर में सज गई कंबल-रजाई की दुकानें



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,08 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

दीपावली से पहले मौसम ने भी करवट लेनी शुरू कर दी है। जिले में गुलाबी ठंड की शुरुआत होने से दुकानें ऊनी व गर्म कपड़ों से सजनी शुरू हो गई हैं। इसके अलावा शहर के कई जगहों पर फुटपाथ पर भी कंबल-रजाई की दुकानें सज चुकी है। ग्राहक अपने मनपसंद के कंबल व ऊनी गर्म कपड़े खरीद रहे हैं। शहर के रेडिमेड कपड़ा दुकानों सहित जगह-जगह फुटपाथ पर गर्म कपड़ों की दुकानें लगनी शुरू हो गई हैं। हालांकि अभी कड़ाके की ठंड पडनी अभी शुरू नहीं हुई है। इसके बावजूद भी लोगों ने गर्म कपड़े खरीदने शुरू कर दिए हैं। 5 नंवबर तक न्यूनतम तापमान 13 से 14 डिग्री बीच बना हुआ है। सुबह व शाम को लोग ठंड का एहसास कर रहे हैं। लोग ठंड से बचने के लिए अब गर्म कपड़ों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। दीपावली के बाद धीरे-धीरे ठंड बढनी शुरू हो जाएगी। हालांकि अभी बाजारों में गर्म कपड़ों की खरीदारी के लिए उतनी भीड़ नहीं है, लेकिन दुकानदारों का कहना है कि अगले हफ्ते से उम्मीद है कि ठंड बढने के साथ ही गर्म कपड़ों की खरीददारी में तेजी आएगी, यहां विभिन्न वेरायटी और रेंज में गर्म कपड़े उपलब्ध हैं।

## कंबल की बढ़ी मांग

कई व्यापारी शहर के विभिन्न स्थानों पर कंबल, रजाई व अन्य गर्म कपड़ों की दुकान लगाकर बेचते हैं। व्यापारियों का कहना है कि पहले के मुताबिक रेट में 15-20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इससे व्यापार पर भी असर पड़ा है।

## लोग हो रहे बीमार

दिन में तेज धूप के कारण गर्मी का एहसास हो रहा है। वहीं शाम होते ही ठंड शुरू हो जा रही है, इसलिए लोग बीमार पड़ रहे हैं। विशेषकर बच्चे इस मौसम में सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित हो रहे हैं।

# आईटीआई में प्रैक्टिकल के लिए उपकरण ही नहीं,अपने ट्रेड में कैसे दक्ष होंगे विद्यार्थी

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,08 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

अंबिकापुर में आईटीआई कॉलेज की स्थिति काफी दयनीय है। बच्चे उज्जवल भविष्य के लिए एडमिशन तो ले रहे हैं पर उपकरण की कंडम स्थिति व कमी के कारण अपने ट्रेड में दक्ष नहीं हो पा रहे हैं। अंबिकापुर आईटीआई कॉलेज में विद्यार्थियों के प्रशिक्षण के लिए लगाए गए अधिकांश उपकरण सालों से खराब पड़े हैं। उन्हें नए टेक्नोलॉजी के अनुसार उपकरण उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। वर्षों पुरानी मशीन के सहारे विद्यार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं। इसमें भी अधिकांश खराब पड़े हैं।

युवाओं को स्वरोजगार से जोडने के लिए आईटीआई कॉलेज संचालित किए जा रहे हैं। इन आईटीआई में सबसे बड़ी समस्या छात्रों को प्रायोगिक कराने उपकरणों की कमी है। वहीं जो उपकरण हैं वह भी काफी पुराने हैं और कंडम स्थिति में हैं। चलने लायक नहीं है। उपकरणों की कमी के चलते प्रायोगिक कार्य ढंग से नहीं हो पाता है। अंबिकापुर आईटीआई कॉलेज में हर वर्ष 496 सीटों पर एडमिशन होता है। वहीं 2023-24 के लिए अभी भी 20 प्रतिशत सीटें खाली है। बच्चों के प्रशिक्षण के लिए लगाए गए उपकरण की स्थिति काफी दयनीय है। लेथ, मिलिंग, शेपर, कंप्यूटर सहित अन्य उपकरण काफी पुरानी होने के कारण खराब हो गए हैं। इस लिए अधिकांश उपकरण काम नहीं कर रहे हैं। एक-दो उपकरण ही चालू हालत में है। इसी उपकरण के बदौलत बच्चे अपना ट्रेनिंग कर रहे हैं।



डीजल मैकेनिक व वेल्डर ट्रेड में जरूरत के मुकाबले सिर्फ 10 प्रतिशत ही उपकरण उपलब्ध हैं। इलेक्ट्रिशियन, मैकेनिकल ट्रेड में सेटअप के अनुसार उपकरण नहीं हैं। उपकरण नहीं होने से छात्रों को प्रैक्टिकल करने में काफी परेशानी होती है। इस स्थिति में उनकी पढ़ाई थ्योरी के ही भरोसे हैं। प्रैक्टिकल नहीं किए जाने के कारण विद्यार्थी अपने ट्रेड में पूरी तरह से दक्ष नहीं हो पाते हैं।

## कोपा ट्रेड की भी स्थिति खराब

कोपा ट्रेड में भी छात्र-छात्राओं ने एडमिशन लिया है। लेकिन इनके प्रशिक्षण के लिए पर्याप्त कंप्यूटर नहीं हैं। जो कंप्यूटर हैं वह भी अधिकांश खराब हैं। कोपा ट्रेड के विद्यार्थियों के लिए यहां 24 कंप्यूटर की आवश्यकता है पर यहां केवल 7 ही उपलब्ध हैं। वह भी सभी लगभग वर्ष 2009 के वर्जन वाले कंप्यूटर हैं।

**आईटीआई कॉलेज में उपकरणों की कमी बनी हुई है। वहीं जो उपकरण उपलब्ध हैं, वह काफी पुराने हो चुके हैं। इस कारण खराब पड़े हुए हैं। मरम्मत व नए उपकरण के लिए प्रस्ताव रोजगार एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय को भेजा गया है।**
**सीएस पैकरा,प्राचार्य, आईटीआई**



# सुविधा केंद्र में...लोगों ने किया मताधिकार का उपयोग

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर, 08 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

नवंविधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले से संबंधित पात्र मतदान कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण स्थल में ही डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान सुविधा केंद्र में कराया गया। जिसके अंतर्गत प्रेमनगर (04) से .... , भटगांव (05) से .... व प्रतापपुर (06) से .... लोगों ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का किया उपयोग। मतदान कर्मियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराए जाने के लिये विधानसभा क्षेत्र भटगांव(05) व प्रतापपुर(06) में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर (08, 09 व 10 नवंबर तक), विधानसभा क्षेत्र प्रेम नगर (04) व प्रतापपुर(06) में शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर(08,09 व 10 नवंबर तक) , विधानसभा क्षेत्र प्रेम नगर(04) व भटगांव(05) के लिये शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर( 08 व 09 नवंबर) सुविधा केंद्र जिला मुख्यालय में बनाया गया है।



# माइक्रो आब्जर्वर रखेंगे मतदान केंद्र में वोटिंग प्रक्रिया पर निगरानी,गंभीरता से दायित्वों के निर्वहन के निर्देश

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,08 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने जिले में विभिन्न कामों के लिए अलग अलग अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसी क्रम में मतदान केंद्रों में मतदान प्रक्रिया पर निगरानी के लिए माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई है। सामान्य प्रेक्षक अम्बिकापुर विधानसभा श्री रूपवंत सिंह के साथ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में माइक्रो आब्जर्वर की बैठक लेकर उनके दायित्वों के प्रति सजग और गंभीर रहने निर्देशित किया।



इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक ने मतदान प्रक्रिया में माइक्रो आब्जर्वर की भूमिका और रिपोर्टिंग की जानकारी दी। वास्तविक मतदान के दिन निर्धारित समय से पूर्व मॉक पोल किया जायेगा। जिसमें ईवीएम के भली भांति संचालन और मतदान सही तरीके से पूर्ण होने की जांच की जाएगी। इसकी निगरानी करते हुए माइक्रो आब्जर्वर द्वारा 18 बिंदुओं पर मतदान की रिपोर्टिंग सीधे संबंधित विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक को उपलब्ध कराई जाएगी।

सामान्य प्रेक्षक श्री सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा माइक्रो आब्जर्वर हेतु निर्धारित दिशा निर्देशों का सूक्ष्म अध्ययन करें जिससे अपने दायित्वों को अच्छी तरह से पूर्ण करने में मार्गदर्शन मिलेगा। आपकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूर्ण पालन करें। कलेक्टर श्री कुन्दन ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा दिए गए निर्देशों के साथ अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें जिससे जिले में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराया जा सके।

# मतदान शुरू...पहले दिन 882 मतदाताओं ने डाकमत पत्र के माध्यम से किया अपने मताधिकार का प्रयोग

**» निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदान दलों हेतु डाकमत पत्र से मतदान के लिए बनाए गए हैं सुविधा केन्द्र**

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,08 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदान दल के अधिकारी, कर्मचारियों एवं संगवारी, दिव्यांग मतदान केंद्रों के कर्मी सुरक्षाबल, सहित अन्य मतदाताओं को मतदान की सुविधा के लिए डाकमत पत्र से मतदान करने सुविधा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन सुविधा केंद्रों में होलीक्रॉस कॉन्वेंट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ रोड अम्बिकापुर, में बुधवार को लुण्ड्रा विधानसभा के मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया। पहले दिन कुल 882 मतदाताओं ने डाकमत पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी प्रकार 09 नवंबर को कार्मेल कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल, रिंग रोड नमनाकला में और 10 नवंबर को होलीक्रॉस सीनियर सेकेंडरी कॉन्वेंट स्कूल, अम्बिकापुर सुविधा केंद्र में मतदान किया जाना है।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार जिला सरगुजा के मतदाता जो कि मतदान दिवस पर चुनाव कार्य में तैनात रहेंगे डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान करेंगे। डाकमत पत्र से मतदान करने वालों में पोलिंग पार्टी के मतदानकर्मी, पुलिस सुरक्षा कर्मी, संगवारी मतदान केंद्र के मतदानकर्मी, युवा मतदान केंद्र कर्मी, वाहन प्रभारी, माइक्रो आब्जर्वर, अन्य जिले के कर्मचारी शामिल है, इन्हें डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान कराया जा रहा है।

# निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लेने भारत निर्वाचन आयोग के नियुक्त सभी विशेष प्रेक्षक संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ पहुंचे अम्बिकापुर

## स्कूली बच्चों के साथ सायकल चलाकर विशेष प्रेक्षकों ने दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,08 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए नियुक्त किए गए विशेष प्रेक्षक निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लेने बुधवार को सरगुजा जिला पहुंचे। आयोग द्वारा नियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक आईएएस धर्मेन्द्र एस. गंगवार, विशेष पुलिस प्रेक्षक आईपीएस अनिल कुमार शर्मा, विशेष व्यय प्रेक्षक आईआरएस राजेश टूटेजा हैं। इनके साथ संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर भीउपस्थित रहे।



विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री बी सी सतीशा, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री रूपवंत सिंह, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के सामान्य प्रेक्षक आईएएस पी कोटेश्वर राव हैं, पुलिस प्रेक्षक आईपीएस अमित बरदार, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के व्यय प्रेक्षक आईआरएस विजय बहादुर वर्मा, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के व्यय प्रेक्षक आईआरएस मंजूनाथ ए.एन., संभागायुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी,आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने सर्किट हाउस में सभी विशेष प्रेक्षको से मिलकर उनका स्वागत किया।



### स्कूली बच्चों के साथ सायकिल चलाकर विशेष प्रेक्षकों ने दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

सभी विशेष प्रेक्षकों ने स्कूली बच्चों के साथ सायकिल चलाकर रैली के माध्यम से मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया। मतदाताओं को जागरूक करने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित यह स्वीप सायकिल रैली मल्टीपरपज स्कूल से शुरू होकर महामाया चौक, जयस्तंभ चौक, राम मंदिर, ब्रम्ह चौक, संगम चौक से गुदरी चौक होते हुए पुनः मल्टीपरपज स्कूल ग्राउंड में समाप्त हुई। सरगुजा संभागायुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी विशेष प्रेक्षकों, प्रेक्षकों, सहित आईजी, कलेक्टर, एसपी ने सायकिल चलाई और लोगों को मतदान करने प्रेरित किया। इसके साथ ही हजारों की संख्या में स्कूली बच्चों ने सायकिल रैली में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

CMYK

# अदियाला जेल अधीक्षक ने अदालत में मांगी माफी,इमरान को बेटों से फोन पर बात करने की नहीं दी थी इजाजत

**इस्लामाबाद,08 नवम्बर 2023।** पाकिस्तान की अदियाला जेल के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को अदालत में माफी मांगी है। दरअसल, अदालत के आदेश के बावजूद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को उनके बेटों से बात करने की अनुमति नहीं दी गई। इसके बाद इमरान ने उनके खिलाफ अवमानना की याचिका दायर की। इमरान के बेटे सुलेमान और कासिम ब्रिटेन में उनकी पूर्व पत्नी जेमिना के साथ रहते हैं, जिनके साथ उनका साल 2004 में तलाक हो चुका है।

विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुआल हसनत जुल्करनैन ने अदालत के आदेश के बावजूद इमरान खान और उनके बेटों के बीच फोन पर बातचीत की व्यवस्था करने में विफल रहने पर सोमवार को अदियाला जेल के अधीक्षक को नोटिस जारी किया। एक्सप्रेस ट्रिब्यून% अखबार ने बुधवार को खबर दी कि अदालत को दिए अपने जवाब में जेल के



वरिष्ठ अधिकारी ने अपदस्थ प्रधानमंत्री को अपने बेटों से बात नहीं करने देने के लिए मंगलवार को माफी मांगी।

अखबार के मुताबिक, अधीक्षक ने अपने जवाब में कहा कि 18 अक्तूबर को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख को अपने बच्चों से बात करने में सक्षम बनाने के लिए विशेष उपाय किए गए थे, लेकिन जेल में अंतरराष्ट्रीय नंबरों पर व्हाट्सएप कॉल करने की कोई स्थायी सुविधा नहीं है। उन्होंने कहा कि कॉल को जेल पीसीओ के माध्यम से निर्देशित किया जा सकता है जिसका इस्तेमाल अन्य कैदी परिवार और वकीलों से बात करने के लिए करते हैं।

हालांकि, अखबार की खबर के मुताबिक, आईजी जेल ने सरकारी गोपनीयता कानून में आरोपियों के लिए प्रोटोकॉल के संबंध में एक पत्र जारी किया और इसमें कहा गया है कि अधिनियम के तहत आरोपियों को आधिकारिक पीसीओ सुविधा उपलब्ध नहीं है।

अधीक्षक ने अदालत से अनुरोध किया कि उनके खिलाफ अवमानना का मामला खारिज कर दिया जाए क्योंकि वह अदालत के आदेश का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं। इमरान खान (71) को 26 सितंबर को जिला जेल अटक से वहां स्थानांतरित किया गया था और तब से वह रावलपिंडी की अदियाला जेल में हैं। उन्हें तोशाखाना मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद पांच अगस्त को गिरफ्तार किया गया था।

# अमेरिका की इस्राइली सरकार को नसीहत,कहा-हमास आतंकवादियों और फलस्तीनी नागरिकों में करें अंतर

**वाशिंगटन,08 नवम्बर 2023।** हमास और इस्राइल का युद्ध जारी है। हमास के हमले के बाद से ही इस्राइल आक्रमक दिखाई दे रहा है। इस्राइल की जवाबी कार्रवाई के बाद से ही गाजा में लगातार हमले किए जा रहे हैं। इसी बीच अमेरिका ने इस्राइली सरकार को नसीहत दे डाली। इस्राइली सरकार को अमेरिका ने कहा कि हमास के आतंकवादियों और फलस्तीनी नागरिकों के बीच अंतर करने को कहा है। अमेरिका ने कहा, हमने हमास के आतंकवादियों और फलस्तीनी नागरिकों के बीच अंतर करने की आवश्यकता के बारे में सीधे तौर पर इस्राइली सरकार के सामने मुद्दा उठाया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा, युद्ध पर हमारी करीब से नजर है। यह टिप्पणी अमेरिकी विदेश विभाग की साप्ताहिक प्रेस वार्ता



के दौरान सामने आई। अमेरिका ने अपने रुख को स्पष्ट करते हुए कहा, वह यह सुनिश्चित करना चाहता है कि गाजा में सहायता के प्रवेश के साथ, हमास फिर से संगठित नहीं होगा और बंधकों को रिहा करने का मार्ग सुनिश्चित किया जाएगा। हम उन स्थितियों के बारे में बात कर रहे हैं, जो एक साथ सुनिश्चित करती हैं हमास ऐसी स्थिति में नहीं है कि वह फिर से संगठित हो सके। हम ऐसी स्थितियां बनाना चाहते हैं जो गाजा में अतिरिक्त मानवीय सहायता के प्रवेश की अनुमति दें। इस बीच इस्राइली विदेश मंत्रालय ने डेटा प्रकाशित किया और कहा कि गाजा पट्टी में हमास के आतंकवादियों ने एक महीने पहले यहूदी राज्य पर अपना बहुआयामी हमला शुरू करने के बाद से इस्राइली क्षेत्र पर 9,500 से अधिक रॉकेट दागे हैं। मध्य इस्राइल और गाजा की सीमा के पास के इलाकों में कई हवाई हमले वाले सायरन सक्रिय किए गए। बता दें आतंकवादी समूह ने कनाडा, ऑस्ट्रिया, ब्राजील, चीन, दक्षिण अफ्रीका, डेनमार्क, आयरलैंड, लिथुआनिया, मैक्सिको, नेपाल, नीदरलैंड, सर्बिया, यूक्रेन और उरुग्वे के व्यक्तिगत नागरिकों को बंधक बना रखा है। इस्राइल एयरपोर्ट अथॉरिटी ने मंगलवार को घोषणा की कि ऑपरेशन स्वॉर्ड्स ऑफ आयरन की शुरुआत के बाद से 330,000 से अधिक इस्राइली नागरिक विदेश से लौट आए हैं।

# पराली जलाने का समाधान तलाशने बर्लिन पहुंचे हरदीप पुरी,जर्मन बायोगैस के CEO से की मुलाकात



**बर्लिन,08 नवम्बर 2023।** दिल्ली एनसीआर सहित कई राज्यों में वायु प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। बढ़ते खतरे को रोकने के लिए केंद्र से लेकर राज्य सरकारें तक प्रयासों में लगी हैं। इस बीच केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी बर्लिन पहुंचे हैं। उन्होंने यहां पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए जर्मन बायोगैस एसोसिएशन के सीईओ क्लॉडियस दा कोस्टा गोमेज से मुलाकात की। दरअसल, जर्मनी पराली से बायोगैस का उत्पादन करने में दुनिया में सबसे आगे है।

### पराली जलाने से लोगों को मिलेगी राहत

उन्होंने कहा, पंजाब में पराली जलाने की समस्या गहरी पीड़ा का कारण है। जर्मन बायोगैस एसोसिएशन के सीईओ डॉ. क्लॉडियस दा कोस्टा गोमेज से मुलाकात की और पराली जलाने का समाधान खोजने की कोशिश की, जो पराली जलाने से लोगों को राहत देगा और पराली को लाभदायक उपयोग के लिए भी लाएगा।

### पंजाब में पराली जलाने की समस्या ज्यादा

हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि पंजाब में पराली जलाने की समस्या बहुत ज्यादा है। इसलिए जर्मन बायोगैस एसोसिएशन के सीईओ डॉ. क्लॉडियस दा कोस्टा गोमेज से मुलाकात की और पराली जलाने का समाधान खोजने की कोशिश की। उन्होंने आगे कहा कि पराली का उपयोग बायोगैस उत्पादन के लिए किया जा सकता है, यह एक ऐसी प्रक्रिया जिसमें जर्मनी दुनिया में सबसे आगे है।

### हर साल इतनी मीट्रिक टन पराली होती है पैदा

पुरी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में ऊर्जा के स्वच्छ स्रोतों के लिए भारत की खोज को गति देगा और किसानों के लिए आय का एक अतिरिक्त स्रोत पैदा करेगा। उन्होंने आंकड़े बताते हुए कहा कि हर साल भारत में करीब 352 एमटी पराली पैदा होती है। इसमें से 22 फीसदी गेहूं की फसल से और 34 फीसदी चावल से पैदा होती है। इस पराली का लगभग 84 मीट्रिक टन (23.86 फीसदी) सालाना फसल कटाई के तुरंत बाद खेत में जला दिया जाता है। बायोगैस के लिए पराली का उपयोग करना एक जीत होगी।

# इस्राइल-हमास की जंग के बीच फलस्तीनी राष्ट्रपति की हत्या की कोशिश,कथित वीडियो सामने आया

**यरुशलम,08 नवम्बर 2023।** इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष को अब एक महीने से ज्यादा समय हो चुका है। जहां ज्यादातर देश इस वक्त गाजा पट्टी में जारी इस्राइली हमलों को रोकने की मांग कर रहे हैं। तो वहीं, कुछ इस्लामिक संगठन और आतंकी इस युद्ध के जरिए अपने हित साधने में जुटे हैं। ऐसे ही एक संगठन- सन्स ऑफ अबु जंदाल (अबु जंदाल के बेटों) ने सोमवार को ही फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास को इस्राइल के खिलाफ पूरी तरह युद्ध का एलान करने के लिए 24 घंटे का समय दिया था। इस धमकी के बाद मंगलवार को एक वीडियो सामने आया है, जिसमें राष्टपति अब्बास की कथित तौर पर हत्या करने की कोशिश दिखाई गई है। माना जा रहा है कि आतंकियों की मांग पूरी ने होने के बाद ही अब्बास को निशाना बनाया गया है।





सोशल मीडिया पर जो वीडियो जारी हुआ है, उसमें महमूद अब्बास के कारों के बेड़े पर खुलेआम फायरिंग होते देखी जा सकती है। इसमें साफ देखा जा सकता है कि अब्बास के बेड़े में शामिल एक बॉडीगार्ड को अचानक ही गोली लग जाती है और वह गिर पड़ता है। इसके बाद बाकी बॉडीगार्ड्स को हमलावरों से लड़ते देखा गया।

गौरतलब है कि महमूद अब्बास फलस्तीन लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन (पीएलओ) के अध्यक्ष हैं। यह संगठन फलस्तीन के एक हिस्से- वेस्ट बैंक क्षेत्र पर शासन करता है। फलस्तीन अथॉरिटी फलस्तीन के एक हिस्से- गाजा पट्टी पर शासन करने वाले हमास का समर्थन नहीं करती है।

### फलस्तीन के सुरक्षा संस्थानों में शामिल लोगों का संगठन है अबु जंदाल

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब्बास के काफिले पर हुई गोलीबारी में एक बॉडीगार्ड को गोली लगी है। इस हमले की जिम्मेदारी भी सन्स ऑफ अबु जंदाल ने ली है। बताया गया है कि यह संगठन वेस्ट बैंक में फलस्तीन के सुरक्षा संस्थान से ही निकला है। इस संगठन ने मांग की थी कि राष्ट्रपति अब्बास गाजा पर हमलों के मद्देनजर इस्राइल के खिलाफ 24 घंटों के अंदर युद्ध का एलान कर दें। सन्स ऑफ अबु जंदाल ने कहा था कि वह फलस्तीन के सुरक्षा संस्थानों में शामिल कुछ लोगों का संगठन है।

# अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने दिया सुझाव,घरेलू हिंसा आरोपियों को हथियार रखने का नहीं होना चाहिए अधिकार

**वाशिंगटन,08 नवम्बर 2023।** अमेरिका के बंदूक कानूनों के मुताबिक घरेलू हिंसा करने वालों को बंदूक नहीं मिलती थी ताकि आगे और हिंसा न हो सके, लेकिन बाद में इस कानून को बदल दिया गया और उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए हथियार रखने का हक दे दिया गया था। हालांकि, अब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश इस संघीय कानून को चुनौती देने के इच्छुक दिखाई दिए।

### निचली अदालत के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को पिछले साल बंदूक अधिकारों के विस्तार के बाद पहले मामले में सुनवाई कर रहा था। इस दौरान न्यायाधीशों ने सुझाव दिया की वह न्यू ऑरलियंस की एक अपील अदालत के पिछले साल दिए फैसले को पलट देगा, जिसमें 1994 में घरेलू हिंसा के पीड़ितों की रक्षा के उद्देश्य से हिंसा करने वाले को बंदूक नहीं रखने के अधिकार के आदेश को रद्द कर दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट के जज बाइडन सरकार के वकील के उस तर्क से सहमत दिखे, जिसमें कहा गया कि इस तरह के प्रतिबंध खतरनाक लोगों से हथियार छीनने की पुरानी परंपरा का ही हिस्सा है।

### बंदूक रखने से रोका जा सकता



इस दौरान, 6-3 बहुमत रखने वाले कुछ रूढ़िवादी न्यायाधीशों ने प्रशासन के तर्क के दायरे पर सवाल उठाया कि दूसरे संशोधन के तहत, जो लोग कानून का पालन करने वाले और जिम्मेदार नहीं हैं ( घरेलू दुर्व्यवहार करने वाले) को बंदूक रखने से रोका जा सकता है।

कंजर्वेटिव मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने जिम्मेदार शब्द पर ध्यान केंद्रित किया, यह सुझाव देते हुए कि यह बहुत बड़ा शब्द है। प्रशासन का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल एलिजाबेथ प्रेलोगर ने रॉबर्ट्स को बताया कि जिम्मेदार नही शब्द वह मानक है, जिसे अदालत ने पिछले 15 वर्षों में तीन प्रमुख बंदूक अधिकार फैसलों में आग्नेयास्त्र प्रतिबंधों के लिए व्यक्त किया है।

### यह है मामला

बता दें, अदालत के समक्ष उठे मामले में टेक्सास के एक व्यक्ति जैकी रहीमी से जुड़े केस को जोड़ा गया है, जिस पर पार्किंग में बहस के दौरान अपनी प्रेमिका को पीटने और बाद में उसे गोली मारने की धमकी देने का आरोप था। न्यायाधीशों ने रहीमी के वकील जे मैथ्यू राइट को संदेहपूर्ण सवालों को पूछने के लिए फटकार लगाई।

मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने राइट से पूछा कि क्या आपको रहीमी खतरनाक नहीं लगता? इस पर राइट ने कहा कि यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप खतरनाक से क्या मतलब रखते हैं, तो मुख्य न्यायाधीश ने पलटकर जवाब दिया, कोई जो लोगों पर गोली चला रहा है, यह एक शुरुआत है।

### 75 हजार बंदूकों की बिक्री पर रोक

न्यायमूर्ति ब्रेट कावानाह ने चिंता जताई कि रहीमी के खिलाफ फैसला पृष्ठभूमि जांच प्रणाली को भी खतरे में डाल सकता है, जिसके बारे में डेमोक्रेटिक प्रशासन ने कहा है कि उसने घरेलू हिंसा के सुरक्षात्मक आदेशों के आधार पर पिछले 25 वर्षों में 75,000 से अधिक बंदूकों की बिक्री पर रोक लगाई है।

# न्यू जर्सी में भारतीय मूल के सीनेटर विन गोपाल की तीसरी जीत, 38 साल के डेमोक्रेट ने जीती सबसे महंगी लड़ाई

**न्यू जर्सी (अमेरिका), 08 नवम्बर 2023।** अमेरिका में भारतीय मूल के सीनेटर विन गोपाल ने करीबी मुकाबले में जीत हासिल की है। न्यू जर्सी के सीनेटर को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए चुना गया है। मंगलवार को न्यू जर्सी के 11वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट के लिए निर्वाचित होने वाले विन गोपाल ने इतिहास की सबसे महंगी विधायी दौड़ जीती है।



38 वर्षीय डेमोक्रेट सीनेटर गोपाल ने रिपब्लिकन चैलेंजर स्टीव डिनिस्ट्रियन को हराया। डिनिस्ट्रियन के मुकाबले लगभग 60 प्रतिशत वोट हासिल करने वाले गोपाल वर्तमान में न्यू जर्सी राज्य सीनेट के सबसे कम उम्र के सदस्य हैं। उन्हें राज्य के इतिहास में सीनेट के लिए चुने जाने वाले पहले दक्षिण-एशियाई अमेरिकी होने का गौरव भी मिला है।

**जीत के बाद विन गोपाल का बयान-** न्यू जर्सी में जन्मे और पले-बढ़े गोपाल के पास रटगर्स यूनिवर्सिटी से लोक प्रशासन में स्नातकोत्तर और पेंसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी से स्नातक की डिग्री है। गोपाल, पहली बार 2017 में चुने गए थे। 2021 में फिर से चुने गए गोपाल को 2023 के चुनाव में 58 फीसदी वोट मिले, जबकि प्रतिद्वंद्वी डिनिस्ट्रियन को 38 फीसदी वोट मिले। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी घटक सेवाओं और द्विदलीयता को दिया। परिणाम घोषित होने के बाद उन्होंने कहा, आप सभी ने आज रात इतिहास रच दिया!


इस जीत के बाद डेमोक्रेट्स को जिले की दोनों विधानसभा सीटों पर नियंत्रण पाने में मदद मिली। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका के कम से कम 37 राज्यों में मंगलवार को मतदान हुए। न्यू जर्सी की विधायिका में राज्य सीनेट और विधानसभा दोनों शामिल हैं। इसमें 40 जिलों से 120 सदस्य हैं। प्रत्येक जिले में सीनेट में एक प्रतिनिधि और विधानसभा में दो प्रतिनिधि होते हैं। इन्हें चार और दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता हैं।

समाचार एजेंसी पीटीआई ने द फिलाडेल्फिया इन्क्वायरर अखबार के हवाले से बताया कि नवंबर के आम चुनाव में सभी 120 सीटों पर मतदान होगा। न्यू जर्सी मॉनिटर न्यूज़ पोर्टल के अनुसार, रिपब्लिकन के समर्थकों वाला 11वां कांग्रेसनल जिला इस साल भी फोकस में था।

# परमाणु हथियार के इस्तेमाल का खतरा,रूसी अफसर बोले- अमेरिकी नीति विनाशकारी, वैश्विक सुरक्षा पर असर

**मॉस्को,08 नवम्बर 2023।** रूस ने अमेरिका और इसके सहयोगियों को चेतावनी दी है। मामला परमाणु हथियारों से जुड़े खतरे का है। रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव निकोलाई पेत्रुशेव ने बुधवार को चेतावनी दी कि पश्चिम की विनाशकारी नीति परमाणु, रासायनिक या जैविक हथियारों के उपयोग के जोखिम को बढ़ाती है।

निकोलाई पेत्रुशेव ने यह भी दावा किया कि यूक्रेन ने रूस में तीन परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर हमला करने का प्रयास किया। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी सहयोगी पेत्रुशेव ने सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस के हवाले से कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका की विनाशकारी नीतियों का स्वाभाविक परिणाम वैश्विक सुरक्षा में गिरावट है।



पेत्रुशेव ने कहा, परमाणु, रासायनिक और जैविक हथियारों के इस्तेमाल का खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय हथियार नियंत्रण व्यवस्था को कमजोर कर दिया गया है। उन्होंने कहा, मोल्दोवा (यूरोपीय शहर) अपनी संप्रभुता खोने की राह पर है, और पश्चिमी उपनिवेशवाद का एक और शिकार बनने का जोखिम है।

सचिव पेत्रुशेव का बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि उन्होंने पुतिन के उस बयान के कुछ दिनों बाद ही परमाणु से जुड़े खतरे के प्रति आगाह किया है। पुतिन ने कहा था कि यूक्रेन को सप्लाई किए गए कुछ पश्चिमी हथियार अवैध हथियार बाजार के माध्यम से मध्य पूर्व में पहुंच रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति के अनुसार, हथियार तालिबान को बेचे जा रहे हैं।

# होम वोटिंग कराने मतदान दलों को दिया गया प्रशिक्षण

- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दलों को गम्भीरता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करने किया प्रेरित
- जिले के 172 बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता 09 एवं 10 नवम्बर को करेंगे घर से मतदान

- संवाददाता -

**अम्बिकापुर,08 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के निर्वाचन में 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता व दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही वोट डालने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके लिए जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 20 मतदान दलों का गठन किया गया है। इन दलों को मंगलवार को लाइवलीहुड कॉलेज में मास्टर ट्रेनरों के द्वारा मतदान के सम्बंध में जरूरी प्रशिक्षण दिया गया।






इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार ने स्वयं प्रशिक्षण का जायजा लिया। उन्होंने मतदान कर्मियों को प्रेरित करते हुए कहा कि मतदान के दौरान आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। निर्वाचन आयोग द्वारा पहली बार 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं व दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिले में 09 एवं 10 नवम्बर के दिन होम वोटिंग कराई जा रही है। निर्धारित मतदान दिवस के पूर्व यह मतदान किया जा रहा है, आप सभी गम्भीरता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करें, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल सम्बन्धित क्षेत्र के अधिकारियों को सूचना दें। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक ने सभी को निष्पक्ष और निर्भीक होकर होम वोटिंग की प्रक्रिया करवाने का आह्वान किया। नगर निगम आयुक्त एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अभिषेक कुमार ने मतदान दलों को मतदान प्रक्रिया के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी और आवश्यक तथ्यों से अवगत कराया। होम वोटिंग के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर फागेश सिन्हा ने प्रशिक्षणार्थियों की शंकाओं का समाधान किया।

उल्लेखनीय है कि होम वोटिंग के लिए कुल 20 टीमें बनाई गई है, प्रत्येक टीम में एक-एक पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी तथा माइक्रो ऑब्जर्वर होंगे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा हेतु 6 दल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर हेतु 8 दल तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर हेतु 6 दल बनाए गए हैं। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 172 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता चिन्हांकित हैं, जिनमें 80 वर्ष से अधिक आयु के 141 एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता 31 हैं। गौरतलब है कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा में 80 वर्ष से अधिक आयु और योग्य दिव्यांगजन की कुल संख्या 54 है। इसी तरह, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर में 72 और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर में 46 मतदाताओं को चिन्हांकित किया गया है जिनके द्वारा होम वोटिंग की जाएगी।

# कांग्रेस प्रत्याशी को पहली जीत स्व. कोरिया कुमार के निधन से उत्पन्न सहानुभूति से मिली थी...क्या दूसरी जीत प्रदेश के काका के कामों व घोषणा से मिलेगी?

### बैकुंठपुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी को किस्मत का सबसे धनी प्रत्याशी माना जाता है

### कांग्रेस प्रत्याशी अचानक बनी थी भईयालाल राजवाड़े की राजनीतिक विरोधी...उनके कार्यकालों को अच्छे से जानी भी नहीं थी फिर भी दी थी राजनीतिक मात

### इस बार भी काका के समाधि स्थल से अपने चुनावी प्रचार अभियान का आगाज किया है

## इस बार भी कांग्रेस प्रत्याशी अपने काका के सहानुभूति पर ही जीतने का प्रयत्न कर रही हैं...क्या इस बार भी सहानुभूति जीत दिला पाएगी?

## जब जब राजनीति मैं नुकसान होता दिखता है तब तब यह काका के निधन की सहानुभूति को निधन को भुनाने का प्रयास करती नजर आती हैं

### किस्मत की धनी मानी जाती हैं बैकुंठपुर की कांग्रेस प्रत्याशी,क्या इस बार भी किस्मत देगी साथ?

बैकुंठपुर से कांग्रेस प्रत्याशी किस्मत की धनी मानी जाती हैं,पैराशूट मानकर जिसे पिछले चुनाव में भाजपा ने आसान लक्ष्य माना वह किस्मत के भरोसे भाजपा को पटखनी दे गई,इस बार भी क्या वह किस्मत के सहारे ऐसा कर पाने में सफल होंगी देखने वाली बात होगी।

### स्वर्गीय कोरिया कुमार के नाम पर सहानुभिति लेने के प्रयास में भी लगी हुईं हैं कांग्रेस प्रत्याशी,क्या मिलेगी उन्हे फिर सहानुभूति?

स्वस्थ स्वक्ष राजनीति के परिचायक स्वर्गीय कोरिया कुमार कोरिया जिले के शिल्पकार थे इसमें कोई दो राय नहीं,उनकी उत्तराधिकारी बनकर उनकी जगह आज कोरिया का नेतृत्व कर रही विधायक का कार्यकाल जनता देख चुकी जिला विभाजन हुआ कई महत्वपूर्ण योजनाएं नवीन जिले के खाते में चली गई जिसमे मेडिकल कॉलेज प्रमुख है,इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी स्वर्गीय कोरिया कुमार के नाम से सहानुभूति जुटाने से भी पीछे नहीं हट रही हैं,अब देखना है उन्हे स्वर्गीय कोरिया कुमार के नाम की सहानुभूति मिल पाती है की नहीं,वैसे वह उनके नाम के सहारे ही जीत तय करने की जुगत में लगी हुई हैं। उन्हे राजनीति में जब जब नुकसान का आभास होता है वह स्वर्गीय कोरिया के नाम को आगे करना नहीं भूलतीं,जो इस बार भी देखा जा रहा है।

### स्वर्गीय कोरिया कुमार की समाधि स्थल से ही निकाली गई नामांकन रैली, चुनाव प्रचार के आगाज में भी स्वर्गीय कोरिया कुमार के स्मृति को आगे रखना नहीं भूली कांग्रेस प्रत्याशी

कांग्रेस प्रत्याशी वर्तमान विधायक कभी भी अपनी राजनीतिक कार्यक्रमों में स्वर्गीय कोरिया कुमार की स्मृतियों को आगे करना नहीं भूलतीं,उन्होंने अपने प्रचार का आगाज भी स्वर्गीय कोरिया कुमार की समाधि स्थल से किया है,नामांकन रैली के दिन समाधि स्थल पर लोगों की भीड़ जुटाई गई और उन्हे स्वर्गीय कोरिया कुमार की याद दिलाई गई,रैली में भी स्वर्गीय कोरिया कुमार चौक में स्थित स्वर्गीय कोरिया कुमार की प्रतिमा में माल्यार्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया,देखा जाए तो यह चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी स्वर्गीय कोरिया कुमार की ही स्मृति आगे कर लड़ रही हैं जो देखा जा रहा है।





-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,08 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी किसी अनसुलझी पहेली से कम नहीं हैं, यदि कांग्रेस प्रत्याशी की बात की जाए तो पहले चुनाव उन्होंने सत्ता पक्ष के पूर्व कैबिनेट मंत्री भईयालाल राजवाड़े के सामने चुनाव लड़ा था और उन्हें जानती भी ढंग से नहीं थीं फिर भी उन्होंने पूर्व वित्त मंत्री स्वर्गीय कोरिया कुमार के निधन के पश्चात पार्टी से टिकट पाया और उन्हीं के सहानुभूति पर सत्ता पक्ष के कैबिनेट मंत्री को हराकर विधायक बनी, इसे किस्मत ही कहा जा सकता है जिन्हें राजनीति का बिल्कुल भी ज्ञान नहीं था अपने सामने खड़े विरोधी की जानकारी नहीं थी सिर्फ उनके पास कुछ था तो अपने काका के किए गए कार्यों से प्रभावित लोगों की सहानुभूति जो उनके निधन के बाद उनके काम आई, स्वर्गीय डॉ रामचंद्र सिंह सहदेव की ख्याति इतनी थी बैकुंठपुर विधानसभा में ही नहीं व प्रदेश के क्या सत्ता क्या विपक्ष सभी उन्हें मानते थे, स्वर्गीय रामचंद्र सिंहदेव ने कभी भी चुनाव नहीं हारा राजनीति में प्रत्याशी बनने से संन्यास लिया था, और अपनी जगह कांग्रेस से किसी और को प्रत्याशी चुना था, 2018 का चुनाव ही एक ऐसा चुनाव था जिससे पहले उनका निधन हो गया और वह बैकुंठपुर विधानसभा को अपनी मर्जी से प्रत्याशी नहीं दे पाए उनकी सहानुभूति ने कांग्रेस का प्रत्याशी चुना। स्वर्गीय कोरिया कुमार के कार्य उन्हें महान बनाती थी और उनके महानता ही पूरे देश व प्रदेश में उनकी पहचान थी, उन्होंने अपने कार्यों से व दूरदर्शिता से अपनी पहचान बनाई थी पर वही आज कि कांग्रेस प्रत्याशी जिन्हें स्वर्गीय कोरिया कुमार की उत्तराधिकारी माना जाता है उनका कार्य बिल्कुल भी अपने काका के समान नहीं देखा गया, 5 साल के कार्यकाल में उन्होंने अपने काका के समान छवि तो नहीं बना पाई पर अपने काका की छवि को धूमिल जरूर किया। आज जनता के मन में एक ही सवाल है की वर्तमान विधायक जिन्हे उन्होंने स्वर्गीय कोरिया कुमार का उत्तराधिकारी मानकर चुनाव जिताया था वह उनकी मंशा और उनकी अपेक्षा पर क्यों खरी नहीं उतर पाई। वर्तमान विधायक और कांग्रेस प्रत्याशी का वर्तमान कार्यकाल विधानसभा की जनता के लिए अनसुलझी पहेली से कम नहीं रही, उनका अधिकांश समय विधानसभा जिले से बाहर बीता एल,उनके कार्यकाल में स्वर्गीय कोरिया कुमार के सपनो का कोरिया विभाजित हो गया और वह नए जिले के विधायकों को मिठाई खिलाती रहीं।

### अपने काका की उपलब्धियों के भरोसे अपनी जीत सुनिश्चित करने की चेष्टा कर रही कांग्रेस प्रत्याशी क्या उनके पद चिन्हों पर चल पाईं पुरे पांच साल?

कोरिया की राजनीति में जिला मुद्दा कोई पहला मुद्दा नहीं है जिससे किसी तत्कालीन विधायक को नुकसान उठाना न पड़ा हो जब जिले का गठन हुआ हो और उसका आक्रोश उत्पन्न हुआ हो, इतिहास गवाह है की जब कोरिया जिला बना तब मनेंद्रगढ़ को जिला मुख्यालय बनाने की मांग उठी थी तब विधायक मनेंद्रगढ़ को विरोध का सामना करना पड़ा था जिसका असर उनके राजनीतिक भविष्य पर पड़ा था, इस बार की स्थिति ऐसी है की जिला विभाजित हुआ, कोरिया के हिस्से में कम से कम क्षेत्रफल दिया गया और सत्ता पक्ष के विधायक को इस मामले में नवीन जिले की खुशियों में शामिल देखा गया लड्डू खिलाते देखा गया। कुल मिलाकर क्षेत्र से लगातार दूरी बनाना और अधिकांश समय विधानसभा से बाहर रहना वहीं जिला विभाजन ऐसे मुद्दे हैं जो कहीं न कहीं लोग मानते हैं की स्वर्गीय कोरिया कुमार की उपस्थिति में ऐसी परिस्थिति उत्पन्न नहीं होती, वह क्षेत्र में घूमकर लोगों से मिलकर नाराज को मनाकर राजनीति करने में माहिर थे जबकि वर्तमान विधायक जो उनकी उत्तराधिकारी हैं वह सत्ता और संगठन का दबाव बनाकर बड़े नेताओं पर अपने पक्ष में उन्हे काम करने मजबूर करने में विश्वास रखती हैं। यह पहला चुनाव कांग्रेस पार्टी का देखा जा रहा है जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह नहीं देखा जा रहा है, जबकि पहले हार और जीत की परवाह किए बिना ही कार्यकर्ता उत्साह से काम करते थे और पार्टी की मजबूत स्थिति साबित करते थे। कुल मिलाकर कहा जा सकता है अपने काका की उपलब्धियों के भरोसे अपनी जीत सुनिश्चित करने की चेष्टा कर रही कांग्रेस प्रत्याशी उनके पद चिन्हों पर चल नहीं पाई पांच साल यह कहा जा सकता है।

### पहली जीत अपने स्वर्गीय काका के कारण मिली,क्या अब प्रदेश के काका कहे जाने वाले काका के नाम पर जितना चाहती हैं दूसरा चुनाव बैकुंठपुर कांग्रेस प्रत्याशी

बैकुंठपुर विधायक वर्तमान कांग्रेस प्रत्याशी अपना पहला चुनाव अपने स्वर्गीय काका के कार्यों के बल पर जीत सकीं थीं उनकी उपलब्धियों के कारण उन्हे जीत मिल सकी थी, इस बार ऐसा होता नज़र नहीं आ रहा है, इस बार उन्हे क्या प्रदेश के काका कहे जाने वाले काका के कार्यों के कारण व किसान हितैषी घोषणा से जीत मिलने की उम्मीद है जो उनकी योजनाएं हैं घोषणा हैं वह उनकी जीत का माध्यम बनेंगी यह बड़ा सवाल है, क्योंकि उनकी खुद की उपलब्धि जो भी हो जिला विभाजन, क्षेत्र से अधिकतम पलायन उनका कमजोर पहलू बना हुआ है जो जनता कहती सुनी जा रही है।

### भाजपा के राजनीतिक रूप से अनुभवी प्रत्याशी को पिछले चुनाव में दे दी थी कांग्रेस प्रत्याशी ने पटखनी,इस बार क्या इतिहास खुद को दुहरायेगा या फिर इतिहास बदल जायेगा?

कांग्रेस की वर्तमान प्रत्याशी ने बिना किसी राजनीतिक अनुभव के पिछले चुनाव में भाजपा के राजनीतिक रूप से सबसे अनुभवी प्रत्याशी को मात दे दी थी,इस बार क्या इतिहास खुद को दोहराता है या इतिहास बदल जाता है यह देखने वाली बात होगी,वैसे पिछले चुनाव में सत्ता विरोधी लहर भी एक कारण थी भाजपा प्रत्याशी के हार की,इस चुनाव में सत्ता में कांग्रेस प्रत्याशी हैं और विपक्ष में भाजपा प्रत्याशी,परिणाम का इंतजार सभी को है।

# किसानों का मान,महिलाओं का सम्मान,युवाओं का पूरा ध्यानःभाजपा

### अमित शाह का धमाका,मोदी का गारंटी 2023 लांच,घोषणा पत्र पर भाजपा कोरिया व एमसीबी की में प्रेसवार्ता हुई संपन्न

### सरकार बनते ही 25 दिसंबर को दे दिया जाएगा किसानों को दो वर्षों का बकाया सहित






-रवि सिंह-
कोरिया/ एमसीबी,08 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

भाजपा घोषणा पत्र जारी किए जाने के अवसर पर आज दिनांक 04-11-2023 को भाजपा कार्यालय बैकुंठपुर कोरिया में प्रेसवार्ता कर पत्रकारों को अवगत कराया गया जिसमे मोबाइल के माध्यम से घोषणा पत्र की बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय स्वास्थ व छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी मनसुख मंडाविया के द्वारा प्रेसवार्ता को संबोधित किया गया। पत्रकारों से मुख्य प्रेस वक्ता भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, भरत सिंह सिसोदिया द्वारा भाजपा के घोषणा पत्र पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रेसवार्ता का आयोजन कोरिया भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित की गई तो वही एमसीबी में श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा आयोजित किया गया, कोरिया जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल व एमसीबी में श्याम बिहारी जायसवाल ने बतया की है केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए मोदी गारंटी 2023 लॉन्च करते हुए बड़े राजनीतिक धमाके किए। भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। हमने इस संकल्प पत्र में जो घोषणाएं की हैं, वह पूरी ईमानदारी के साथ लागू की जाएंगी। समय सीमा में लागू की जाएंगी और पूरी तरह लागू की जाएंगी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने किसानों, मजदूरों, महिलाओं और विद्यार्थियों सहित सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए तैयार किए गए घोषणा पत्र को जारी करते हुए विश्वास दिलाया कि छत्तीसगढ़ को विकसित और समृद्धिशाली राज्य बनाने में भाजपा कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी जाएगी। समर्थन मूल्य की कीमत बोनस सहित एकमुश्त मिलेगी। इसके अतिरिक्त वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 का बकाया बोनस 300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से इसी वर्ष राष्ट्रीय सुशासन दिवस 25 दिसंबर को दिया जाएगा। प्रत्येक भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को सालाना 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। विवाहित महिलाओं को सालाना 12000 रुपये मिलेगा। यूपीएससी की तर्ज पर पीएससी की परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता के साथ होंगी। 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। 50 फीसदी सब्सिडी के साथ युवाओं को उद्यम के लिए ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। इस दौरान जिसमे पूर्व मंत्री भईया लाल राजवाड़े,विधान सभा प्रभारी चिंटू राजपाल, प्रवास पर आए बिहार राज्य भाजपा के सह संगठन मंत्री कामेश्वर प्रसाद सिंह, विश्वनाथ साहू, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जिला संवाद प्रमुख विमल गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े, कार्यालय प्रभारी भानू पाल (मिडिया प्रभारी) अजीत पाटकर, (सोशल मिडिया) राजेश साहू उपस्थित रहे! भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा ने मोदी की गारंटी 2023 को छत्तीसगढ़ के कायाकल्प का ब्लूप्रिंट बताते हुए कहा है कि रोड मैप तैयार हो गया है छत्तीसगढ़ अब इस पर चलेगा भाजपा की सरकार आने वाली है और पांच साल से अवरूध्द विकास फिर से आगे बढ़ने वाला है। प्रेसवार्ता के मुख्य वक्ता श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया इस दौरान जिला मंत्री अरुणोदय पाण्डेय, श्रीमती इंदू पनेरिया, मंडल अध्यक्ष डमरू बेहरा उपस्थित रहे।

## भाजपा संकल्प पत्र में शामिल प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं

कृषक उन्नति योजना- 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी 3100 रुपये में की जाएगी। एकमुश्त भुगतान होगा। पंचायत भवन में बैंकों के नगदी आहरण काउंटर खुलेंगे। धान खरीदी से पहले ही बारदाने उपलब्ध होंगे

महतारी वंदन योजना- प्रत्येक विवाहित महिलाओं को सालाना 12000 रुपए की वित्तीय सहायता मिलेगी

सरकारी पदो पर भर्ती- छत्तीसगढ़ के 1 लाख रिक्त शासकीय पदो पर समयबध्द एवं पारदर्शी रूप से भर्ती सुनिश्चित की जाएगी

आवास- प्रधानमंत्री आवास एवं घर-घर निर्मल जल अभियान के तहत कैबिनेट की पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित 18 लाख घरों का निर्माण पूरा करने धनराशि का आबंटन होगा और दो सालों के अंदर छत्तीसगढ़ के हर घर में पीने का शुध्द पानी उपलब्ध होगा

तेन्दूपत्ता- प्रदेश में तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए 5500 रुपए प्रतिमानक बोरा दिया जाएगा। संग्राहकों को 4500 रुपए तक बोनस देंगे और चरणपादुका एवं अन्य सुविधाएं फिर शुरू की जाएगी

मजदूर कल्याण- दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत प्रत्येक भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को सालाना 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी

आयुष्मान भारत- स्वस्थ छत्तीसगढ़ - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत वार्षिक सीमा को दुगुना करके प्रति परिवार 5 लाख से 10 लाख तक स्वास्थ्य बीमा देंगे और राज्य में 500 नए जन औषधि केन्द्र स्थापित कर सस्ती दवाईयां उपलब्ध कराएंगे

पीएससी- यूपीएससी की तर्ज पर पीएससी की परीक्षाएं पारदर्शिता के साथ होंगी और राज्य में हुए पीएससी घोटाले की जांच कराई जाएगी

उद्यम क्रांति- छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना के तहत युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी के साथ ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा

स्टेट कैपिटल रीजन- दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में स्टेट कैपिटल रीजन की स्थापना कर रायपुर, नया रायपुर, दुर्ग और भिलाई नगर क्षेत्र का समन्वित एवं संतुलित विकास करेंगे

इनोवेशन हब- नया रायपुर को सेंट्रल भारत का इनोवेशन हब बनाकर राज्य में 6 लाख रोजगार के अवसर उत्पन्न किए जाएंगे

रानी दुर्गावती योजना- रानी दुर्गावती योजना की शुरुआत कर बीपीएल वर्ग की बालिकाओं के जन्म पर 1 लाख 50 हजार रुपए का आश्वासन प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा

500 में सिलेंडर- गरीब परिवारों की महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिए जाएंगे

विद्यार्थियों को ट्रेवल अलॉवंस- कॉलेज आने जाने के लिए विद्यार्थियों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिये मासिक अलॉवंस प्रदान करेंगे

भ्रष्टाचार के खिलाफ आयोग- भाजपा की सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ आयोग गठित करेगी...भ्रष्टाचार शिकायत निवारण व निगरानी के लिए एक वेब पोर्टल बनाएंगे। प्रत्यक्ष कार्यवाही हेतु मुख्यमंत्री कार्यालय में एक सेल का गठन होगा

सिम्स और सीआईटी- छत्तीसगढ़ के हर संभाग में छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (सिम्स) और हर लोकसभा क्षेत्र में आईआईटी की तर्ज पर छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआईटी) का निर्माण होगा

इंवेस्ट छत्तीसगढ़- इंवेस्ट इंडिया की तर्ज पर इंवेस्ट छत्तीसगढ़ आयोजित करेंगे और वार्षिक वैश्विक स्तरीय सम्मेलन कर देशी विदेशी कंपनियों से निवेश आकर्षित करेंगे

डेढ़ लाख बेरोजगारों को भर्ती- सरकार तुहर दुवार योजना के तहत ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर डेढ़ लाख बेरोजगारों की भर्ती कर प्रभावी घर पहुंच सार्वजनिक सेवा प्रदान की जाएगी

शक्तिपीठ- एक हजार किमी लंबी शक्तिपीठ परियोजना की शुरुआत कर छत्तीसगढ़ के पांच शक्तिपीठों को उत्तराखंड की चार धाम परियोजना की तर्ज पर विकसित करने और जोड़ने का काम करेंगे

रामलला के दर्शन- छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर निर्मित हो चुका है रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। छत्तीसगढ़ के वासियों को रामलला के दर्शन कराने अयोध्या ले जाएंगे



# विधानसभा 2023 में सरगुजा संभाग में राजनीतिक रूप से उपेक्षित साहू समाज का क्या रुख होगा ?

## बैकुंठपुर विधानसभा में साहू समाज के नेताओं की बैठकें लगातार जारी

### अपने समाज के उत्थान के लिए कर सकते हैं भाजपा और कांग्रेस दोनों का इस चुनाव में बहिष्कार

### समाज के नेताओं का मानना जब तक दोनों पार्टियों को नहीं सिखाएंगे सबक नहीं मिलेगा प्रतिनिधित्व का मौका

### बैकुंठपुर विधानसभा में लगभग 25000 है साहू समाज के वोटरों की संख्या जो तय करेगें किसी भी प्रत्याशी का भाग्य

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,08 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा संभाग में अन्य पिछड़े वर्ग समुदाय से सर्वाधिक जनसंख्या सर्व साहू समाज की है। प्रत्येक विधानसभा में फैले साहू समाज पूरी तरह चुनाव को प्रभावित करते हैं। इसी को ध्यान रखते हुए साहू समाज ने भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों से संभाग में राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए पुरजोर तरीके से टिकट की मांग की थी। परंतु पर्याप्त संख्या बल होने के बाद भी पूरे संभाग के 14 सीटों में से कहीं भी साहू समाज को प्रतिनिधित्व का मौका नहीं मिला। जबकि साहू समाज का मानना है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ने मिलकर जब राजवाड़े समाज को संभाग में तीन टिकट दी तो संभाग में एक टिकट हमारे समाज का भी बनता था। बात करें बैकुंठपुर विधानसभा की तो भाजपा और कांग्रेस दोनों से समाज के नेताओं ने दमदार तरीके से टिकट की मांग रखी और कांग्रेस के पार्टी प्रत्याशी घोषित होने तक साहू समाज की एक नेत्री का नाम पैनल में था, परंतु अंत समय तक निराशा ही हाथ लगी और समाज के किसी भी नेता को किसी भी पार्टी ने टिकट नहीं दिया। जबकि वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन में कार्यरत गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, साहू समाज से ही आते हैं। बैकुंठपुर विधानसभा में साहू समाज के वोटरों की संख्या लगभग 25000 है। बावजूद इसके साहू समाज को प्रतिनिधित्व का मौका न मिलने पर समाज पूरी तरह नाराज चल रहा है, और सामाजिक नेताओं की लगातार बैठकें विभिन्न स्थानों पर हो रही हैं। सूत्रों की माने तो यह बैठक समाज के उज्जवल भविष्य के दशा और दिशा तय करने के लिए हो रही हैं, और जहां तक निकल कर बात सामने आ रही है, यह तय माना जा रहा है कि जब तक साहू समाज के लोग भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों का झंडा उठाकर पीछे-पीछे घूमेंगे, समाज को नेतृत्व का मौका नहीं मिलेगा। लगातार हो रही बैठकों का निष्कर्ष यह निकलकर सामने आ रहा है, कि जब तक पूरा समाज इन दोनों पार्टियों द्वारा घोषित प्रत्याशियों का बहिष्कार कर तीसरे विकल्प के बारे में ना सोचे तब तक समाज का उत्थान संभव नहीं है।

#### साहू समाज से दो प्रत्याशी बैकुंठपुर विधानसभा में मैदान पर,समाज की प्रतिष्ठा लगी दांव पर

विधानसभा चुनाव 2023 में साहू समाज से दो प्रत्याशियों ने ताल ठोकी है। जिसमें से एक प्रत्याशी जोगी कांग्रेस से तथा दूसरा प्रत्याशी निर्दलीय चुनाव लड़ रहा है। हालांकि यह दोनों प्रत्याशी इस विधानसभा के नहीं है, परंतु उनके मैदान मे उतरने पर पूरे साहू समाज के प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। क्योंकि 25000 वोटों का दम भरने वाला साहू समाज यदि इस चुनाव में अपने समाज का वोट भी प्रत्याशियों को नहीं दिला पाया, तो आने वाले समय में समाज की एकता पर सदैव प्रश्नचिन्ह बना रहेगा और पार्टीयों से टिकट पाकर जनप्रतिनिधि बनने की लालसा सदैव अधूरी रहेगी।

#### क्या समाज के नाराज होने से तीसरे विकल्प को मिल सकता है बल

##### जो अपना घर जोड़ नहीं पाए आज समाज को एकजुट करने निकले हैं...

साहू समाज का एक बड़ा चेहरा जिनकी अगुवाई में लगातार बैठकें जारी हैं...के बारे में सुनाई दे रहा है कि जो अपना स्वयं का घर एक नहीं कर पाए, वह समाज को एकजुट करने निकले हैं। विगत पंचायत चुनाव में जब यह स्वयं जनपद का चुनाव लड़ रहे थे, तो उनके विरोध में उनके सगे भाई ने चुनाव लड़ा था। साहू समाज को एकजुट करने की बैठक में यह नेता अगुवाई कर रहे हैं, और यह दल बदल में भी माहिर रहे हैं। विगत चुनाव के ठीक पूर्व इन्होंने जोगी कांग्रेस का दामन थामा था। बाद इसके चुनाव के समय इन्होंने कांग्रेस में वापसी की थी। अब इनके स्वयं की निष्ठा पर प्रश्न चिन्ह है, तो समाज वाले तरह-तरह की बातें तो करेंगे ही। बड़ी संख्या में व्याप्त साहू समाज की है विडंबना रही है, की इस समाज में नेताओं की संख्या अधिक है, और सब अपनी मुर्गी की तीन टांग बताने की जुगत में लगे रहते हैं। यही कारण है कि राजवाड़े समाज की तुलना में पूरा साहू समाज बिखरा हुआ है, और इसी कारण संभवत साहू समाज को अब तक प्रतिनिधित्व का मौका नहीं मिला है।

##### जब संभाग में राजवाड़े समाज को तीन टिकट, तो साहू समाज को एक भी क्यों नहीं

साहू समाज के नेताओं का मानना है कि जब पूरे संभाग में दोनों पार्टियों ने मिलकर राजवाड़े समाज को तीन टिकट दिया, तो पर्याप्त संख्या बल होने के बाद भी पूरे संभाग में साहू समाज को एक टिकट क्यों नहीं दिया। प्रबल संभावना थी कि भाजपा या कांग्रेस दोनों में से कोई एक पार्टी बैकुंठपुर विधानसभा से साहू समाज को टिकट दे सकती है। यदि ऐसा होता तो समस्त साहू समाज एकजुट होकर उनके लिए कार्य करता। परंतु ऐसा हो नहीं पाया। अभी स्थिति यह है कि साहू समाज के लोग दोनों पार्टियों से और उनके शीर्ष में बैठे हुए नेताओं से नाराज चल रहे हैं, और लगातार बैठक कर आने वाले चुनाव के लिए अपनी रणनीति को साझा कर रहे हैं। बैठकों में साहू समाज के भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों के नेता बराबर शिरकत कर रहे हैं। और एकमत में दोनों पार्टियों को सबक सिखाने की बात कर रहे है।

#### भाजपा और कांग्रेस दोनों से नाराज साहू समाज,समाज के रुख का इंतजार

दोनों पार्टियों से टिकट न मिलने की दशा में समाज वैसे ही नाराज चल रहा है। इस पर कोढ में खाज वाली बात यह है कि विगत विधानसभा चुनाव में वर्तमान भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी भैयालाल राजवाड़े द्वारा कचरा शब्द का प्रयोग पूरे समाज को नागवार गुजरा था। वही अंत समय तक पैनल में नाम होने के बाद भी कांग्रेस नेत्री का टिकट फाइनल न होना कांग्रेस से नाराजगी के मुख्य वजह है। अब देखने वाली बात यह है कि सामाजिक बैठकों से जो बातें निकलकर सामने आ रही है, उसमें बार-बार कचरा शब्द के प्रयोग वाले बयान पर समाज के नेता आपत्ति जाता रहे हैं। उन्हें आपत्ति इस बात की भी है की लगभग 5 साल बीत जाने के बाद भी आज तक भैया लाल राजवाड़े ने सार्वजनिक तौर पर साहू समाज से अपने बयान के लिए माफी नहीं मांगी है। पर अभी भी बहुत से साहू समाज के लोग भाजपा प्रत्यशी के समर्थक है।

#### बैकुंठपुर विधानसभा में निर्णायक रहती है साहू समाज की भूमिका

पर्याप्त संख्या बल होने के कारण बैकुंठपुर विधानसभा में साहू समाज की भूमिका निर्णायक रहती है। पहले इन्हें भाजपा का कैडर वोट माना जाता था, परंतु विगत चुनाव में प्रत्याशी रहे छत्तीसगढ़ शासन के भूतपूर्व खेल मंत्री भैया लाल राजवाड़े द्वारा कुछ ऐसे शब्दों का प्रयोग सर्व साहु समाज के लिए किया गया जो समाज के प्रत्येक व्यक्ति को नागवार गुजरा, और उन्होंने भैया लाल राजवाड़े का बहुतायत में बहिष्कार कर दिया। परिणाम यह हुआ कि श्रीमती अंबिका सिंह देव को आसान जीत हासिल हुई। इस बार भी स्थिति लगभग वही है, साहू समाज भैया लाल राजवाड़े से पिछली बार की तरह ही नाराज है। परंतु कांग्रेस प्रत्याशी अंबिका सिंहदेव के साथ भी साहू समाज का तालमेल ठीक नहीं बैठ रहा है। और इसी कोढ में खाज वाली बात यह हो गई की पर्याप्त संख्या बल होने के कारण पूरे संभाग में साहू समाज को प्रतिनिधित्व का मौका नहीं मिला, जिससे पूरा समाज नाराज चल रहा है।

#### क्या एकमत होकर तीसरे विकल्प को समर्थन दे सकता है साहू समाज?

सूत्रों के अनुसार लगातार हो रही साहू समाज की बैठकों से निकलकर यह बात सामने आ रही है कि अपने राजनीतिक उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें तब तक मौका नहीं मिलेगा जब तक कांग्रेस और भाजपा दोनों के समक्ष अपनी ताकत का एहसास न कराया जाए। इसके लिए साहू समाज के नेताओं का मानना है कि जब तक इस चुनाव में हम अपने संख्या बल का एहसास नहीं करेंगे, दोनों राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों का ध्यान हमारी ओर नहीं जाएगा और निष्कर्ष यह निकलकर सामने आ रहा है कि यदि समस्त साहू समाज के लोग बैकुंठपुर विधानसभा में यदि किसी तीसरे विकल्प की ओर अग्रषित होते हैं, तो निश्चित है की समाज की ताकत का एहसास दोनों राजनीतिक पार्टियों को होगा और भविष्य के लिए विचार करने को मजबूर हो जाएंगे। पर संशय इस बात का है कि क्या सभी पार्टी में फैले साहू समाज के नेता एकमत होकर ऐसा फैसला लेने की हिम्मत कर पाएंगे। यदि ऐसा हुआ तब तो समाज की एकता सर्वविदित होगी, अन्यथा बिखराव में पड़े रहने से कुछ भी हासिल होने की संभावना नगण्य है।

#### साहू समाज का तीसरा विकल्प चुनने के लिए तीन विकल्प सामने हैं

छत्तीसगढ़ में स्थापित दो राष्ट्रीय पार्टियां भाजपा और कांग्रेस दोनों से रुष्ट चल रहे साहू समाज के नेताओं के समक्ष बैकुंठपुर विधानसभा में तीन अन्य पार्टियों का विकल्प खुला है। देश की तीसरी राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी आम आदमी पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी। जनता जोगी कांग्रेस से भी साहू समाज का प्रत्याशी मैदान में है, परंतु मूल निवास बैकुंठपुर विधानसभा न होने के कारण संशय की स्थिति बरकरार है। इसके अतिरिक्त एक अन्य निर्दलीय प्रत्याशी भी साहू समाज से मैदान में है। बैकुंठपुर विधानसभा में मुख्यतः भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के मध्य मुकाबला है। भाजपा और कांग्रेस से नाराज साहू समाज यदि एकमत होकर आम आदमी पार्टी या गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का रुख करता है, तो निश्चय ही भाजपा और कांग्रेस के लिए इस विधानसभा में बड़ी मुश्किल खड़ी होगी। ज्ञातव्य हो की गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को प्रदेश में एक जाति विशेष की पार्टी ही माना जाता है, और आम आदमी पार्टी से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी अन्य पिछड़े वर्ग से आते हैं। अब आने वाले समय में देखने वाली बात यह होगी कि साहू समाज एकजुट होकर किस प्रकार का निर्णय करता है।

## वन विभाग ने घायल हुए लोनर टस्कर हांथी खेसारीलाल का किया इलाज



-संवाददाता-
कोरबा,08 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

जिले के कोरबा वन मंडल हो या कटघोरा वन मंडल दोनो ही वन्य क्षेत्रों में हाथियों का आना जाना लगातार बना हुआ है । वर्तमान में कटघोरा वन मंडल में 49 हाथी भिन्न-भिन्न दलों में विचरण कर रहे है, जिनमें से 19 हाथी पसान रेंज के सेमराहा परिसर में एवं 29 हाथी केंदई परिक्षेत्र के कोरबी परिसर में है, साथ ही तथा एक लोनर टस्कर हाथी कोरबी परिसर के ओडारबहरा में विचरण कर रहा है। दिनांक 07 नवम्बर की रात्रि एक हाथी वन परिक्षेत्र केंदई के सखोदा परिसर से हसदेव सुरजपुर वनमण्डल के रामेश्वर नगर परिसर मे चला गया है । वहीं लोनर हाथी जो कि ओडारबहरा में विचरण कर रहा है,जिसे स्थानीय लोग प्यार से खेसारी लाल पुकारते है, विगत दो-तीन दिनो से लंगडकर चल रहा था ,जिसकी सूचना स्थानीय स्टॉफ द्वारा तत्काल वनमंडल कटघोरा को दिया गया । उच्च अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पशु चिकित्सक डॉक्टर चंदन, जो विगत 20 वर्षो से वन्यजीवों का उपचार कर रहे को तत्काल हाथी के इलाज के लिए भेजा गया। जिसके उपरांत तत्काल वन विभाग की टीम द्वारा ड्रोन की मदद से हाथी को ट्रैक किया गया। डॉ. चंदन ने चिकित्सा जांच के दौरान लोनर हाथी को देखकर बताया कि हाथियो के आपसी द्वंद की वजह से हाथी घायल हुआ है और उसके अगले दाहिने पैर में सूजन आ गया है, जिससे हाथी को चलने में तकलीफ हो रही है । उसके घाव के सुधार के लिए डॉ. चंदन एवं स्थानीय स्टॉफो ने दवाई को गुड़ में मिलाकर हाथी को खिलाया । जिससे कुछ ही समय बाद हाथी के चाल में सुधार आ गया । इस दौरान वनमण्डलाधिकारी श्री कुमार निशांत, उपवन मंडलाधिकारी श्री संजय त्रिपाठी मौके पर उपस्थित रहे एवं समय-समय पर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक वन्य प्राणी श्री सुधीर अग्रवाल घटनाक्रम का जायजा लेते रहे। इस कार्यवाही में वनरक्षक श्री अशोक श्रीवास एवं वनरक्षक श्री नागेन्द्रभूषण जायसवाल एवं स्थानीय कर्मचारियों ने मुख्य भूमिका निभाए।

## भैंसमा कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़-नाटक का प्रदर्शन कर मतदान हेतु किया जागरूक

-संवाददाता-
कोरबा,08 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा के निर्देशानुसार एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप के समन्वय से विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र- छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय ईव्हीपीजी महाविद्यालय कोरबा के विद्यार्थियों द्वारा नगर के वार्ड नंबर 31 शांति विहार खरमोरा में मतदाता जागरूकता रैली एवं स्वीप नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु आकर्षक नुक्कड़-नाटक प्रस्तुत किया गया। उनके द्वारा सभी मतदाताओं से निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं प्रलोभन से दूर रहते हुए अनिवार्य मतदान हेतु अपील किया गया। इसी प्रकार आज स्व.प्यारेलाल कंवर शासकीय महाविद्यालय भैंसमा के छात्र-छात्राओं द्वारा भैंसमा के स्थानीय बाजार में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक किया गया एवं शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई।

## प्रेक्षक प्रियतु मंडल और पुलिस ऑब्जर्वर सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी ने किया मतदान केंद्र, थाने का निरीक्षण

-संवाददाता-
कोरबा,08 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु कोरबा और रामपुर के लिए नियुक्त प्रेक्षक श्री प्रियतु मंडल और पुलिस आब्जर्वर सी.वेंकटा सुब्बा रेड्डी ने ग्राम गोढ़ी में प्राथमिक शाला भवन मतदान केंद्र क्रमांक 83-84, ग्राम करमंदी में मतदान केंद्र क्रमांक 82, नोनबिर्रा में मतदान केंद्र 250-251, प्राथमिक शाला कोटमेर में मतदान केंद्र क्रमांक 117, स्वामी आत्मानंद कन्या अंग्रेजी माध्यम विद्यालय करतला के मतदान केंद्र क्रमांक 115, डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल बड़मार के मतदान केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना करतला, आंगनबाड़ी केंद्र कोटमेर, नोनबिर्रा का भी अवलोकन किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किये गये दीवार लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प तथा मतदान केन्द्रों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित बूथ लेबल अधिकारी उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर
जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

रा0प्र0क्र0...../ब-121/2022-23

ईश्तहार

आवेदक/आवेदिका का नाम फु लेश्वरी आ0 बसधन जाति गोड़ निवासी बसदेई ग्राम बसदेई प0ह0नं0 तहसील व सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 ने अपने पिता बसधन आ0 गौटु जन्म/मृत्यु दिनांक 21/11/2019 का जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपति हो तो दिनांक 10/11/2023 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तदुनुसार कार्यवाही कर दी जावेगी ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/10/2023 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
सूरजपुर
जिला-सूरजपुर छ0ग0

# जम्पा संभवतःदुनिया के सर्वश्रेष्ठ सफेद गेंद स्पिनरःआरोन फिंच



**नई दिल्ली,08 नवंबर 2023।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर आरोन फिंच का मानना है कि अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 में अपनी ऊर्जा पा ली है, जिसकी उन्हें टूर्नामेंट की शुरुआत में कमी थी।

पहले दो मैच हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने लगातार पांच जीत के साथ वापसी की। वे अंक तालिका में दूसरे स्थान पर हैं और सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी संभावनाओं को और अधिक मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

आरोन फिंच ने आईसीसी कॉलम में लिखा, पिछले पांच मैचों में, विशेष रूप से, मैदान में बहुत अधिक ऊर्जा रही है और मेरे लिए यह हमेशा एक संकेत है कि एक टीम वास्तव में प्रतियोगिता के लिए तैयार है। किसी टीम की सफलता में ऊर्जा बहुत बड़ी भूमिका निभाती है और इसी ने ऑस्ट्रेलिया की सफलता में योगदान दिया है।

वे एक बहुत अच्छी क्रिकेट टीम हैं और वे अपनी ऊर्जा के साथ जो लेकर आए हैं वह किसी से कम नहीं है। वे स्पष्ट रूप से एक अत्यधिक कुशल टीम हैं। वे शायद अभी भी अपने स्पिनरों पर काफी भरोसा करते हैं, लेकिन जो चीज मुझे अच्छी लगी वह यह है कि वे अपनी बल्लेबाजी में निरंतरता बनाए हुए हैं।

उन्होंने कहा,मेरे लिए एक सवालिया निशान यह था कि क्या उन्हें रनों का पीछा करना था। अतीत में, यह कभी-कभी थोड़ा अस्थिर हो जाता था और वे लड़खड़ा सकते थे, लेकिन इस विश्व कप में, वे लक्ष्य का पीछा करने में त्रुटिहीन रहे हैं।

हालांकि, फिंच को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया का शीर्ष क्रम अधिक रन बनाएगा और टीम में अपना योगदान देगा।

हाल के वर्षों में इंग्लैंड ऑस्ट्रेलिया पर हावी रहा है, लेकिन उनके प्रदर्शन में बदलाव आया है। इंग्लैंड के पास जोस बटलर सहित कुछ महान खिलाड़ी हैं, जो इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ में से एक होंगे। हालाँकि, विश्व कप में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

फिंच ने कहा,मुझे नहीं लगता कि ऑस्ट्रेलिया को वास्तव में इसकी परवाह होगी कि उन्होंने इंग्लैंड को हरा दिया है, यह किसी भी अन्य चीज़ से अधिक प्रशंसकों के लिए है। ऑस्ट्रेलिया विश्व कप जीतने के लक्ष्य के साथ यहां आया था और यह इस बारे में नहीं है कि आपने किन टीमों को हराया, यह पहली वास्तविक चुनौती के रूप में सेमीफाइनल में जगह बनाने के बारे में है। ऑस्ट्रेलिया सिर्फ एक कदम आगे रहकर संतुष्ट होगा।

फिंच लेग स्पिनर एडम ज़म्पा से बेहद प्रभावित थे और विदेशी परिस्थितियों में ऑस्ट्रेलिया की सफलता का श्रेय उन्हें देते हैं। फिंच ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के लिए ज़म्पा फिर से उत्कृष्ट थे। फिंच ज़म्पा को पूरे प्रारूप में प्रमुख सफेद गेंद वाले स्पिनरों में से एक मानते हैं।

स्पिन के साथ, यह जानना है कि बल्लेबाजों और परिस्थितियों को पढ़ने के आधार पर अपनी विविधताओं के साथ कब गेंदबाजी करनी है। वह इस समय बहुत सुंदर गेंदबाजी कर रहे हैं और उन्होंने कई महत्वपूर्ण विकेट लिए हैं। लगातार पांच मैचों में कम से कम तीन विकेट लेने से उनकी अविश्वसनीय निरंतरता चमक गई है। वह शायद पिछले कुछ वर्षों से दुनिया भर के दोनों सफेद गेंद प्रारूपों में प्रमुख सफेद गेंद के स्पिनर रहे हैं, इसलिए यह वास्तव में उनकी कला के कौशल की अच्छी पहचान है।

ज़म्पा वनडे विश्व कप 2023 में सात मैचों में 19 विकेट के साथ दूसरे प्रमुख विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।फिंच ने अफगानिस्तान के खिलाफ मैच पर भी अपनी अंतर्दृष्टि साझा की और कहा, बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज वानखेड़े पिच का कैसे फायदा उठाते हैं।

मुझे लगता है कि तेज़ गेंदबाज़ों को ही ज़्यादा बोलने का मौक़ा मिलेगा। वे वानखेड़े में खेल रहे हैं, जो संभवतः ऑस्ट्रेलिया के हाथों में है। यह वास्तव में अच्छा क्रिकेट विकेट है; यह घूमने की तुलना में थोड़ी अधिक गति में मदद करता है। फिंच ने कहा, यह परंपरागत रूप से उछलता है जो एक बार अंदर आने के बाद इसे बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा बना सकता है, लेकिन यह आपकी पारी शुरू करने के लिए एक कठिन जगह हो सकती है।

जैसा कि ऑस्ट्रेलिया मैच के लिए तैयारी कर रहा है, वे अनिवार्य रूप से इस बारे में सोचेंगे कि खेल में क्या चल रहा है और जानते हैं कि एक जीत नॉकआउट चरण के लिए योग्यता की गारंटी देगी।

अगर ऑस्ट्रेलिया अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करता है, तो संभवतः उनका सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा, और मुझे लगता है कि उनके पास उन्हें हराने के लिए पर्याप्त क्षमता है।

भारत के खिलाफ प्रोटियाज़ की हार ने कई टीमों को यह विश्वास दिलाया होगा कि अगर वे इसे सही तरीके से करते हैं, तो वे पूरे दक्षिण अफ्रीका पर हावी हो सकते हैं।

# स्वर्ण पदक जीतने के बाद दीपिका ने कहा,मां बनने के बाद मेरे जीवन में 360 डिग्री बदलाव आया



**पणजी ,08 नवंबर 2023।** पूर्व विश्व नंबर 1 तीरंदाज और अर्जुन पुरस्कार विजेता दीपिका कुमारी ने एक दशक से अधिक समय से विश्व मंच पर खेल में भारत की महत्वाकांक्षाओं का परचम लहराया है।

कई बार की ओलंपियन और दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता दीपिका दिसंबर 2022 में बेटी वेदिका को जन्म देने के बाद से तीरंदाजी से काफी समय तक दूर रहीं।

झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाली 29 वर्षीय खिलाड़ी ने दिखाया कि लंबे अंतराल से उनकी भूख कम नहीं हुई है क्योंकि उन्होंने हरियाणा की संगीता को 6-2 से हराकर रिकर्व महिला व्यक्तिगत स्वर्ण और मिर्नल चौहान के साथ मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने दीप्ति कुमारी और कोमलिका बारी के साथ मिलकर महिला टीम को रजत पदक दिलाया।फाइनल के बाद दीपिका ने कहा,ईमानदारी से कहूं तो गोल्ड प्राथमिकता नहीं थी, लेकिन मेरा प्रदर्शन था। मेरी मानसिकता जीत या हार के बारे में नहीं थी। यह मेरे बारे में था कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूं। मैं अपने शॉट्स पर ध्यान केंद्रित करना चाहती थी और अपने मन में चल रहे अन्य विचारों को शांत करना चाहती थी। यह कुछ ऐसा है जो भविष्य में भी मुझे मानसिक रूप से मदद करेगा।

मां बनने के बाद उनकी जिंदगी कितनी बदल गई है, इस बारे में बात करते हुए दीपिका ने कहा, यह नया जीवन मेरे लिए आसान बदलाव नहीं है। यह 360-डिग्री परिवर्तन है।

# महिला टी 20 ट्रॉफी के फाइनल में उत्तराखंड बनाम मुंबई

**नई दिल्ली,08 नवंबर 2023।**

कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स के नेतृत्व में, मुंबई ने बंगाल को आठ विकेट से हराकर रायपुर में सीनियर महिला टी20 चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में केरल उत्तराखंड से हार गया। वे गुरुवार को फाइनल में भिड़ेंगे। मुंबई के खिलाफ बढ़त लेने वाली बंगाल ने शुरुआत में ही विकेट खो दिए लेकिन प्रियंका बाला और ऋचा घोष ने टीम को संभाला। बाला ने 38 गेंदों में 32 रन बनाए और घोष ने



18 गेंदों में 28 रन जोड़कर बंगाल को 20 ओवर में 6 विकेट पर 117 रन तक पहुंचाया। जवाब में रोड्रिग्ज ने 62 गेंदों पर नाबाद 82 रन बनाकर मुंबई को जीत दिलाई।

इससे पहले, केरल को 8/84 रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। उत्तराखंड ने 14.2 ओवर में आठ विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।त्वरित परिणाम केरल 20 ओवर में 84/8 (रेड्डी 22, अमीषा 2/11) उत्तराखंड से 14.2 ओवर में 85-2 से हार गया (पूनम 43 रन)। बंगाल मुंबई से 20 ओवर में 117-6 (बाला 32, घोष 28) से हार गया और 18.4 ओवर में 118-2 (रोड्रिगेज 82) से हार गया।

# जब भारत फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगा तो यह बहुत बड़ी बात होगीःसुनील छेत्री

**कनाडा,08 नवंबर 2023।** मैक्सिको और यूएसए में फीफा विश्व कप के 2026 संस्करण के लिए भारतीय टीम की यात्रा नवंबर 2023 में शुरू होगी, जिसमें 48-टीम टूर्नामेंट अभिन्न अंग बने रहेंगे। यह एक ऐसी उपलब्धि जिसे दुनिया के दूसरे सबसे अधिक आबादी वाले देश ने अभी तक हासिल नहीं किया है।

उस राह पर पहला कदम एएफसी



सभी संघों में टीमों को अधिक अवसर प्रदान करेगा, जिसमें एएफसी देशों के लिए आठ सीधे स्थान उपलब्ध होंगे और बाकी फीफा प्ले-ऑफ टूर्नामेंट के माध्यम से आगे बढ़ेंगे।

सुनील छेत्री ने फीफा से कहा, जब ऐसा होगा तो पूरा देश खुशी से पागल हो जाएगा। एक भारतीय के रूप में यह मेरे जीवन के सबसे अच्छे दिनों में से एक होगा। उस दिन को लेकर मेरे बहुत सारे सपने हैं। यह बहुत बड़ा होने वाला है। मेरे जैसे बहुत से लोग हैं जो उस दिन को देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते हैं और मुझे उम्मीद है कि यह हमारे लिए जल्द ही आएगा।

छेत्री, जिनके पास भारत के लिए सर्वकालिक गोलस्कोरिंग और कैप रिकॉर्ड दोनों हैं। वैश्विक शोपीस तक पहुंचने के उनके नए प्रयास का एक क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में आता है, जहां भारत को ग्रुप ए में रखा गया है और उसका सामना 2022 विश्व कप के मेजबान कतर, कुवैत और अफगानिस्तान से होगा जिन्होंने पहले दौर में मंगोलिया को दो चरणों में हराया था।

तीसरे दौर में आगे बढ़ने के लिए, जहां से एएफसी के आठ प्रत्यक्ष योग्यता स्थानों में से छह का फैसला किया जाएगा। ब्लू टाइगर्स को अपने चार-टीम वर्ग के शीर्ष दो में समाप्त करने की आवश्यकता है, जिसमें छह मैचों में से पहला मुकाबला 16 नवम्बर को कुवैत के खिलाफ बाहरी मैच के साथ आएगा।

भारत जो वर्तमान में फीफा पुरुषों की विश्व रैंकिंग में 102वें स्थान पर है। इस टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक हैं।

# मार्क-10 में सीबीएसई नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप शुरू

### यश रावत और प्राजना राठी पहले दिन बढ़त पर

**पंचकूला,08 नवंबर 2023।** सीबीएसई नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप का आगाज हॉलमार्क स्कूल की मार्क-10 रेंज पर हुआ और आईआरएस अंकुर आल्या ने पिस्टल से निशाना साधते हुए मुकाबलों की शुरुआत की। देशभर के शूटर्स इसमें निशाना लगाने के लिए आए हैं और सभी ने इंटरनेशनल स्टैंडर्ड की मार्क-10 रेंज को सराहा। शूटर्स इसमें स्विस टारगेट पर निशाना लगा रहे हैं। पहले दिन अंडर-14 पिस्टल में यश रावत और प्राजना राठी लीड पर हैं। अंडर-14 मेन पिस्टल में यश ने 364/400 अंक के साथ बढ़त बनाई, जबकि प्रणेश कुमार 361/400 अंक के साथ दूसरे और हेमेश्वर 360/400 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, विमन में प्राजना ने 369/400 अंक के साथ बढ़त बनाई। उनके बाद वान्या 353/400 अंक के साथ दूसरे और



दिव्या 350/400 अंक के साथ तीसरे पायदान पर हैं।

अंडर-17 पिस्टल मेन में वर्षिनी ने 366/400 अंक लेने के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया। वे सबसे आगे हैं, जबकि मिशीता 349/400 अंक के साथ दूसरे और आदिति 329/400 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। मेन में दक्ष चौधरी 380/400 अंक लेकर सबसे आगे हैं। निवान ने 379/400 अंक के साथ दूसरा और द्रवेश ने 377/400 अंक के साथ तीसरे स्थान पर जगह बना ली।अंडर-19 विमन में देविना 357/400 अंक के साथ लीड कर रही हैं। एयर राइफल अंडर-14 विमन में अंजना ने लीड बनाई और उनके खाते में 411.2 अंक है। मोहाली की उषनीक 406.2 अंक के साथ दूसरे और पुण्या 401.9 अंक के बाद तीसरा स्थान हासिल किया। मेन राइफल में अंशरीत सिंह ने 414 अंक के बाद बढ़त बनाई। सूर्यांश 413.9 अंक के बाद दूसरा और अर्जुन सिंह ने 405 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

# गिल ने बाबर आजम को पछाड़कर आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान किया हासिल

**नई दिल्ली,08 नवंबर 2023।** मौजूदा आईसीसी विश्व कप 2023 में भारत के बल्लेबाज शुबमन गिल की तूफानी फॉर्म ने दुनिया के नंबर 1 वनडे बल्लेबाज के रूप में बाबर आजम की बादशाहत खत्म कर दी, क्योंकि मेन इन ब्लू ओपनर ने बुधवार को आईसीसी पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में पाकिस्तान के कप्तान से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में भारत के अभियान की शानदार शुरुआत करने के बाद गिल शीर्ष पर पहुंच गए और बाबर को पछाड़कर नंबर 1 वनडे बल्लेबाज का स्थान हासिल करने वाले अपने देश के चौथे खिलाड़ी बन गए, जो सचिन तेंदुलकर, एमएस धोनी की सूची में शामिल हो गए ।

दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने श्रीलंका के खिलाफ 92 और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 23 रन बनाए हैं, साथ ही मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक छह पारियों में 219 रन बनाए हैं।

पाकिस्तान के कप्तान ने विश्व



कप में आठ पारियों में 282 रन बनाए हैं, जिससे वह गिल से छह रेटिंग अंक पीछे दूसरे स्थान पर आ गए, क्योंकि दुनिया के शीर्ष एकदिवसीय बल्लेबाज के रूप में उनका दो साल से अधिक का शासन समाप्त हो गया। इस बीच, पूर्व कप्तान विराट कोहली ने रैंकिंग में चौथा स्थान हासिल किया।

गिल ने अपने संक्षिप्त लेकिन उत्कृष्ट करियर में पहली बार शीर्ष स्थान हासिल किया है, जबकि कोहली तीन स्थान ऊपर चौथे स्थान पर हैं ङ्क और तीसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक के एक रेटिंग अंक के भीतर ङ्क अपने 543 विश्व कप रनों की बदौलत।

विशेष रूप से, भारत के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर एकदिवसीय बल्लेबाजों की सूची में 17 रैंक की छलांग लगाकर 18वें स्थान पर पहुंच गए, पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमान तीन स्थान ऊपर 11वें और अफगानिस्तान के समकक्ष इब्राहिम जादरान छह स्थान ऊपर 12वें स्थान पर पहुंच गए।

# विश्व कप 2026 घरेलू क्वालीफायर मैच कुवैत में खेलेगा फलस्तीन

**कुवैत,08 नवंबर 2023।** फुटबॉल आस्ट्रेलिया ने कहा कि उसकी टीम विश्व कप 2026 क्वालीफायर में फलस्तीन के खिलाफ दूसरे दौर का मैच 21 नवंबर को तटस्थ स्थान पर कुवैत में खेलेगी। फुटबॉल आस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा ,'' क्षेत्र में मौजूदा हालात को देखते हुए एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने औपचारिक तौर पर अनुरोध किया है कि फलस्तीन का घरेलू मैच तटस्थ स्थान पर होगा।''



इसमें कहा गया कि मैच कुवैत के जबेर अल अहमद अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर होगा। दक्षिणी इस्राइल में सात अक्टूबर को हुए हमले में हमास चरमपंथियों ने 1400 लोगों को मौत के घाट उतार दिया और सैकड़ों का अपहरण कर लिया।

गाजा और लेबनान सीमा के आसपास से करीब ढाई लाख इस्राइलियों ने घर खाली कर दिये हैं। एक महीने से गाजा में जारी बमबारी में दस हजार से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा एक बार फिर हुई पोस्टपोन

सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं. उनकी फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. सिद्धार्थ की योद्धा की अनाउंसमेंट जब से हुई है तब से फैंस इसे देखने के लिए एक्साइटेड हैं लेकिन अब फैंस को थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा. ये फिल्म पहले 8 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसे पोस्टपोन कर दिया गया है. करण जौहर ने सोशल मीडिया पर फिल्म के पोस्टपोन होने की जानकारी दी है. सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा पहले कैटरीना कैफ की मैरी क्रिसमस से क्लैश हो रही थी.





कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की मैरी क्रिसमस 8 दिसंबर को रिलीज होने वाली है. क्लैश से बचने के लिए करण ने नई रिलीज डेट की अनाउंसमेंट कर दी है.

करण जौहर ने फिल्म के दो नए पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर करके फिल्म की रिलीज डेट के बारे में जानकारी दी है. उन्होंने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा- हम पूरी तरह तैयार हैं, पूरी शक्ति और शक्ति के साथ आसमान पर कब्ज़ा करने के लिए तैयार हैं!!!! योद्धा 15 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है. सिद्धार्थ ने भी ये ही पोस्टर शेयर किए हैं. सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा पहले 15 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी. जिसके बाद इसे प्रीपोन किया गया था. जिसके बाद नई रिलीज डेट 8 दिसंबर थी. 8 दिसंबर को योद्धा कै मैरी क्रिसमस से क्लैश हो रहा था.

योद्धा की बात करें तो इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ दिशा पाटनी और राशि खन्ना लीड रोल में नजर आएंगी. ये एक एक्शन एंटरटेनमेंट फिल्म होने वाली है.

सिद्धार्थ मल्होत्रा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो रोहित शेट्टी के ओटीटी शो इंडियन पुलिस फोर्स में भी नजर आने वाले हैं. इसमें उनके साथ शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबेरॉय लीड रोल में नजर आएंगे. ये शो एमेजॉन प्राइम पर 19 जनवरी को रिलीज होगा.



# सौभाग्यवती भव की शूटिंग में बिजी, परिवार संग नहीं मना पाऊंगी दिवाली : अमनदीप सिद्धू

एक्ट्रेस अभिनेत्री अमनदीप सिद्धू, जो वर्तमान में शो सौभाग्यवती भव-नियम और शर्तें लागू में नजर आ रही हैं, ने साझा किया कि शो की शूटिंग में बिजी रहने के चलते वह इस बार अपने परिवार के साथ दिवाली नहीं मना पाएंगी।

इस बारे में बताते हुए, अमनदीप ने कहाः हर साल, मैं अपने परिवार के साथ दिवाली मनाती हूं, लेकिन इस बार, सौभाग्यवती भव की शूटिंग में बिजी होने के चलते, मैं अपने परिवार के साथ सेलिब्रेट नहीं कर पाऊंगी।

उन्होंने कहा, इस बार मुझे अपने परिवार, घर का बना खाना और सारी तैयारियों की याद आएगी, क्योंकि मैं हमेशा अपनी मां के साथ घर को सजाती थी। हालांकि, इस बार मैं पहली बार सौभाग्यवती भव परिवार के साथ दिवाली मनाऊंगी। आप सभी को मेरा मैसेज है कि पटाखे न जलाएं, खुशियां बांटें, मजे करें और आप सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं।

अमनदीप सौभाग्यवती भव में सिया का किरदार निभा रही हैं, जबकि धीरज धूपर राघव की मुख्य भूमिका में हैं।

सौभाग्यवती भव स्टार भारत पर प्रसारित होता है।

# अलीजेह अग्निहोत्री बॉलीवुड में कदम रखने जा रही

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। इन दिनों वह अपनी पहली फिल्म फर्रे को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।इसका निर्माण सलमान अपने प्रोडक्शन हाउस सलमान खान फिल्म्स के बैनर तले कर रहे हैं।अब फर्रे का पहला गाना घर पे पार्टी है रिलीज हो चुका है, जिसे रैपर बादशाह, आस्था गिल, मेलो डी और सचिन-जिगर ने मिलकर गाया है।इस गाने के बोल जिगर सरैया ने लिखे हैं।




सलमान ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर घर पे पार्टी है गाना साझा किया है, जिसमें अलीजेह अपनी गैंग के साथ जबरदस्त डांस करती नजर आ रही हैं।उन्होंने लिखा, इन शैतानों ने तो घर पे पार्टी शुरू कर ली। गाने के बोल और म्यूजिक काफी शानदार है, जिसे सुनकर यकीनन आप भी थिरकने पर मजबूर हो जाएंगे। इतना ही नहीं घर पे पार्टी है सॉन्ग में सलमान खान की भांजी अलिजेह अग्निहोत्री के गजब के डांस मूव्स भी देखने को मिल रहे हैं।ट्विटर पर सलमान खान ने इस गाने को शेयर कर कैप्शन में लिखा है- इन शैतानों ने तो घर पर ही पार्टी शुरू कर ली है। सलमान ने ये बात भांजी अलिजेह अग्निहोत्री और उनकी फिल्म फर्रे की अन्य स्टार कास्ट के लिए लिखी है, जो फिल्म के नए गाने में एक साथ नजर आ रहे हैं। यह फिल्म 24 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में अलीजेह के अलावा सौमेंद्र पाधी, साहिल मेहता, जेन शॉ, प्रसन्ना बिष्ट और रोनित बोस रॉय भी नजर आएंगे।फर्रे का निर्देशन सौमेन्द्र पाढ़ी द्वारा किया जा रहा है।

# राज्य में फिर ईडी और आईटी टीम की दबिश

» रायपुर,भिलाई और दल्ली राजहरा में पड़े छापे.

» सुरेश घिंघानी के घर सुबह 4 गाड़ियों में पहुंची ईडी की टीम




**रायपुर,08 नवम्बर2023(ए)।** प्रदेश में आज फिर ईडी और आईटी की टीम ने तीन जिलों में दबिश दी है। राजधानी रायपुर, भिलाई और बालोद जिले के दल्ली राजहरा में ईडी और आईटी की टीम पहुंची है।

मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग के पदमनाभपुर स्थित घिंघानी फायर वर्क्स के संचालक सुरेश घिंघानी के घर सुबह 4 गाड़ियों में ईडी की टीम पहुंची। वहीं घिंघानी के पुत्र को लेकर एक गाड़ी उनके गोदाम पहुंची जहां ईडी की टीम छान बिन कर रही है।

भिलाई में पुलिस पेट्रोल पंप के सामने स्थित दुर्ग और पदुम नगर स्थित घर पर लगातार दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। बालोद जिले के दल्ली राजहरा स्थित देव मानिंग के संचालक सौरभ जैन के ठिकानों पर आईटी की रेड पड़ी है।

### पटाखा कारोबारी के ठिकानों पर ईडी की दबिश

भिलाई में एक बार फिर ईडी ने दबिश दी है। ईडी के अफसर 4 गाड़ियों में भिलाई के पदुमनगर स्थित धींगानी फायर वर्क्स के संचालक सुरेश धींगानी के घर पहुंचे। कुछ देर जांच पड़ताल और पूछताछ के बाद ईडी की टीम सुरेश धींगानी के बेटे विवेक धींगानी को गाड़ी में बिठाकर ले गई। बताया जा रहा है कि ईडी की टीम विवेक धींगानी को लेकर वसुंधरा नगर स्थित गोदाम गई है।भिलाई 3 में पुलिस पेट्रोल पंप के सामने स्थित दुकान और पदुम नगर स्थित घर पर ईडी की कार्यवाही जारी है। दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। इस परिवार की रायपुर के पंडरी में भी पटाखे की दुकान है। धींगानी के ठिकानों पर ईडी ने महीने भर में दूसरी बार छापेमारी की है।

### माइनिंग कारोबारी के रायपुर-बालोद स्थित घर-कार्यालय में आयकर विभाग की दबिश

आयकर विभाग ने एक बार फिर से छत्तीसगढ़ में अपनी छापामार कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में आईटी की टीम ने बालोद जिले के दल्लीराजहरा स्थित देव माइनिंग कंपनी के कार्यालय में दबिश दी है। आईटी की इस औचक छापामार कार्रवाई की भनक लगते ही कारोबारियों में हड़कंम मच गया है।

सूत्रों ने बताया कि देव माइनिंग के मालिक सुमित लोढ़ा, सौरभ लोढ़ा का माइनिंग ट्रांसपोर्ट से जुड़ा लंबा बड़ा करोबार है। इनके रायपुर स्थित घर में भी आईटी की टीम ने दबिश दी है। दोनों ही जगह आईटी की टीम ने सुबह-सुबह छापा मार कार्रवाई शुरू की है। रायपुर में भी सुमित लोढ़ा और सौरभ लोढ़ा का मकान और कार्यालय है। यहां भी आईटी की टीम ने दबिश दी है। सुमित लोढ़ा स्थानीय कांग्रेसी नेताओं के करीबी माने जाते हैं. दोनों भाइयों का करोड़ों का कारोबार है. डौंडी में भी बायो डीजल पंप है।

### ट्रांसपोर्ट संचालक के यहां से जीएसटी टीम और ईडी ने जब्त किए दस्तावेज

जीएसटी और ईडी ने खरोरा के श्रीजीत ट्रांसपोर्ट के संचालक हरविंदर सिंह भाटिया उर्फ राजा भाटिया को भी घेरा। मिली जानकारी के अनुसार दोनों विंग के अफसर रात करीब आठ बजे भाटिया के घर और समीपस्थ ग्राम केसला स्थित ऑफिस में भी दबिश दी है । करीब छह घंटे की पड़ताल के बाद आधी रात डेढ़ बजे टीमें मोबाइल समेत बड़ी संख्या में दस्तावेज जब्तकर लौट रही है । इस कारोबारी के बारे में स्थानीय लोगों का कहना है कि बहुत कम समय में धनवान हुआ है।

मुझे लगा था पहले चरण का एक्जिट पोल कुछ दिनों बाद पता चलेगा. लेकिन साहेब ने आज सुबह ही बता दिया, सुबह-सुबह ईडी को मेरे नामांकन के दौरान मेरे साथ उपस्थित एवं मेरी निर्वाचन प्रक्रिया में आधिकारिक व्यय लेखक की भूमिका निभा रहे श्री सुरेश धिंगानी जी के यहाँ ईडी को भेज दिया है. पाटन विधानसभा की जनता को डराने की ये कोशिश वैसी ही विफलता मिलेगी होगी जैसी कल 20 सीटों पर मतदान में भाजपा को मिली है। छत्तीसगढ़ियों को कमजोर और कायर मत समझो साहेब, अपना चावल खाते हैं, वो भी पूरे स्वाभिमान से.

### सुबह पड़ी ईडी रेड पर भूपेश बघेल का ट्वीट

भिलाई में सुबह पड़ी ईडी रेड पर भूपेश बघेल ने ट्वीट किया है. जिसमें उन्होंने बताया कि मुझे लगा था पहले चरण का एक्जिट पोल कुछ दिनों बाद पता चलेगा. लेकिन साहेब ने आज सुबह ही बता दिया, सुबह-सुबह ईडी को मेरे नामांकन के दौरान मेरे साथ उपस्थित एवं मेरी निर्वाचन प्रक्रिया में आधिकारिक व्यय लेखक की भूमिका निभा रहे सुरेश धिंगानी जी के यहाँ श्वष्ठ को भेज दिया है.

पाटन विधानसभा की जनता को डराने की ये कोशिश वैसी ही विफलता मिलेगी होगी जैसी कल 20 सीटों पर मतदान में भाजपा को मिली है। छत्तीसगढ़ियों को कमजोर और कायर मत समझो साहेब, अपना चावल खाते हैं, वो भी पूरे स्वाभिमान से...।



## 13 नवम्बर 2023 को पीएम नरेन्द्र मोदी का रायपुर में रोड शो

**रायपुर,08 नवम्बर2023(ए)।**छत्तीसगढ़ में सत्ता वापसी के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेताओं का छत्तीसगढ़ दौरा लगातार जारी है। इसी क्रम में आगामी 13 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा क पक्ष में माहौल बनाने महासमुंद और मुंगेली जिला का दौरा करने वाले हैं।

भाजपा सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 नवंबर को छत्तीसगढ़ के दौरें पर रहेंगे। प्रदेश के महासमुंद और मुंगेली जिला में आम सभा को संबोधित करेंगे। राजधानी रायपुर की चार विधानसभा क्षेत्रों में रोड शो करेंगे। बीजेपी का छत्तीसगढ़ में एक बड़ा जनाधार आज भी है। इस जनाधार को और बढ़ाने तथा भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करने भाजपा के बड़े नेता लगातार प्रदेश का दौरा कर रहे हैं।

# बस प्रचार के समय छत्तीसगढ़ आते हैं पीएम मोदी

### चुनाव के बाद कभी नहीं आएंगे :सीएम भूपेश बघेल

**रायपुर,08 नवम्बर 2023(ए)।**



छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर नेताओं के बीच जुबानी हमले लगातार जारी हैं। इसी कड़ी में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर एक बार जुबानी हमला किया है। दरअसल, मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ में लगातार होते चुनावी दौरे को लेकर है। जिसपर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसा है। लोरमी में पत्रकारों से बात करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री तो हैं ही साथ में वो भाजपा के प्रचार मंत्री भी हैं।

उन्होंने कहा कि, वो बस प्रचार के समय छत्तीसगढ़ आते हैं उसके बाद वो यहां नही आयेंगे। गौरतलब हैं कि मंगलवार को सूरजपुर में चुनावी रैली को संबोधित करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर कई गंभीर आरोप भी लगाए थे। जिसमें महादेव के नाम को बदनाम करने का आरोप लगाया था।

### रमन सिंह के राज में देश में सबसे ज्यादा गरीबी छत्तीसगढ़ में थी :भूपेश बघेल

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान खत्म हुआ जिसके बाद फिर से दूसरे चरण की तैयारियों को लेकर दिग्गजों का दौरा शुरू हो गया है। वहीं पहले चरण के मतदान के बाद राजनीतिक पार्टियों के दिग्गज अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। इसके साथ ही एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप की झड़ी लगा रहे हैं। इसी बीच सीएम भूपेश बघेल ने भी भाजपा पर तंज कसने से नहीं चुके।

सीएम भूपेश बघेल, पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि रमन सिंह का बोरिया बिस्तर गोल होगा। राजनांदगांव से बुरी तरह हारेंगे। रमन सिंह के राज में देश में सबसे ज्यादा गरीबी छत्तीसगढ़ में थी। कुपोषण और दूसरे बीमारियों से सबसे ज्यादा मौत हुई। रमन सिंह ने केवल ठगने का काम किया। सीएम भूपेश बघेल ने रमन सिंह पर आरोप लगाते हुए आगे कहा कि रमन सिंह ने आदिवासियों का जमीन पूंजीपतियों को दे दिया। हम केवल तीन बाबाओं को जानते हैं। बाबा गुरु घासीदास, गांधी बाबा और बाबा साहेब अंबेडकर। रमन सिंह चाउर वाले नकली बाबा हैं। ऐसे नकली बाबा के झांसे में नहीं आना है।

# इलाज करा रहा कैदी हथकड़ी काटकर हुआ फरार

### लापरवाह प्रहरी को कर दिया निलंबित

**बिलासपुर,08 नवम्बर 2023(ए)।** सिम्स अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया एक कैदी हथकड़ी काटकर फरार हो गया। इस घटना के बाद पुलिस फरार कैदी की तलाश में जुट गई है। वहीं ड्यूटी पर तैनात प्रहरी को निलंबित कर दिया गया है।

जेल प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक केंद्रीय जेल बिलासपुर में बंद राजातालाब रायपुर के बंदी सरफराज अहमद उर्फ लवी को उंगली में चोट लगने के बाद इलाज के लिए 6 नवंबर को सिम्स चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। जेल प्रहरी भुवनेश्वर पैकरा की ड्यूटी बीती रात से लेकर आज सुबह तक उसकी निगरानी के लिए लगाई गई थी। सुबह करीब 6.30 बजे कैदी हथकड़ी काटकर अपने बिस्तर से फरार हो गया। इस मामले में प्रहरी भुवनेश्वर का कहना है कि शौच लगने के कारण उसे कैदी को हथकड़ी के साथ छोड़कर जाना पड़ा था। मगर वापस लौटने पर उसने पाया कि कैदी हथकड़ी काटकर फरार हो चुका है। जेल प्रबंधन का कहना है कि कैदी अहमद मानसिक रूप से बीमार था और उसके बाए हाथ की छोटी उंगली में चोट थी।




इस मामले में लापरवाही के चलते जेल अधीक्षक ने प्रहरी को निलंबित कर दिया है। वहीं हॉस्पिटल और आसपास की सीसी टीवी फुटेज की जांच कर फरार कैदी की तलाश की कोशिश की जा रही है। वैसे इस मामले में गंभीर सवाल यह उठता है कि कैदी अगर मानसिक रूप से बीमार था तो उसका मानसिक अस्पताल में इलाज क्यों नहीं करवाया जा रहा है। बहरहाल सिविल लाइन पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर लिया है।

# गृहमंत्री अमित शाह का रोड शो आज रायगढ़ में

**रायगढ़-रायपुर,08 नवम्बर 2023(ए)।**छत्तीसगढ़ में भाजपा के केन्द्रीय नेताओं का लगातार दौरा बना हुआ है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के स्टार प्रचारक यहां लगातार पहुंच कर भाजपा के पक्ष में माहौल बना रहे हैं। इसी क्रम में आज 9 नवंबर को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह रायगढ़ आ रहे हैं। श्री शाह यहां भाजपा के कैंडिडेट ओपी चौधरी के समर्थन में एक रोड शो करन वाले हैं। भाजपा सूत्रों ने बताया कि अमित शाह 3.30 बजे से एक घंटे तक भाजपा उम्मीदवार ओपी चौधरी के समर्थन में रोड-शो करेंगे।



जानकारी के मुताबिक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज 9 नवंबर को जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, रायगढ़ और चंद्रपुर विधानसभा में तय कार्यक्रम में शामिल होंगे। दो विधानसभाओं में सभाएं होंगी और 3 विधानसभाओं में रोड शो होगा। 15 नवंबर को भी अमित शाह का दौरा संभावित बताया जा रहा है। बता दें कि बीजेपी नेतृत्व छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रही है। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के खत्म होने के बाद अब भाजपा दूसरे चरण की तैयारी में जुट गई है।



## पहले चरण के मंत्री प्रत्याशी मोहम्मद अकबर,मरकाम और कवासी को कांग्रेस ने दी इन जिलों की जिम्मेदारी

**रायपुर,08 नवम्बर 2023(ए)।** पहले चरण के चुनाव से निवृत्त हुए मंत्रियों, विधायकों, और पदाधिकारियों को कांग्रेस ने दूसरे चरण के विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी है। पार्टी ने जिला समन्वयक के साथ-साथ विधानसभा पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया है।ये सभी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर स्थानीय प्रत्याशी और कांग्रेस पदाधिकारियों से समन्वय कर प्रचार और चुनाव अभियान का संचालन करेंगे। बता दें कि पहले चरण के विधानसभा सीटों में से मंत्री मोहम्मद अकबर कवर्धा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। वहीं कवासी लखमा कोंटा व मोहन मरकाम कोंडागांव से मैदान में हैं।

# छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों को जल्द मिलेगा केंद्र के समान डीए

### मुख्यमंत्री ने किया ट्वीट

**रायपुर,08 नवम्बर 2023(ए)।**

छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों को जल्द ही केंद्र के समान डीए मिलेगा। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर बताया कि हम छत्तीसगढ़ के शासकीय कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान डीए देना चाहते हैं। इसके लिए अधिकारियों को निर्वाचन आयोग से विधिवत अनुमति प्राप्त करने हेतु निर्देश दिया है।




कर्मचारी नेता और पेंशनरों के संगठन के प्रमुख राष्ट्रीय पदाधिकारी वीरेन्द्र नामदेव ने कल कहा था राज्य में केन्द्र के समान जुलाई से बकाया 4त्न प्रतिशत डीए/डीआर का आदेश जारी करने में विलम्ब के लिए मंत्रालय के जिम्मेदार अधिकारियों पर भूपेश सरकार को विधान सभा चुनाव में नुकसान पहुंचा कर हराने का षडयंत्र रचने का संदेह व्यक्त किया है। छत्तीसगढ़ राज्य में विगत 5 साल से तरसा तरसा कर करोड़ों रुपए एरियर को हजम कर विलम्ब से डीए/डीआर भुगतान किया जाता रहा है। इससे परेशान कर्मचारी संघों के नेता विधान सभा आचार संहिता के दौरान केन्द्र द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों के 20अक्टूबर और पेंशनरों के लिए 27 अक्टूबर 23 को आदेश जारी होने से एरियर सहित 4त्न प्रतिशत डीए/डीआर देने के आदेश जारी करने पर तुरंत मुख्य सचिव से सीधे भेंट कर राजस्थान की तरह चुनाव आयोग से अनुमति लेकर डीए/ डीआर आदेश जारी करने की मांग पर मुख्यसचिव ने भरोसा दिलाया कि इस बारे में प्रयास करेंगे।

## भूपेश बघेल से नहीं,भ्रष्टाचार से है मेरी लड़ाई :अमित जोगी

**रायपुर,08 नवम्बर 2023(ए)।**

अमित जोगी ने आज मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा के नेताओं को गजनी फ़िल्म की भूलने की बीमारी हो गई है। छत्तीसगढ़ में उन्हें कमीशन दिखता है। हमें विजन और मिशन दिखता है। 40 लाख लोगों को शपथ पत्र को दिया है। छत्तीसगढ़ में नेता नहीं, बेटा की सरकार बने, यह जनता चाहती है।



अमित जोगी ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा को चैलेंज है, 10 रुपये के स्टाम्प में घोषणा पत्र लिखकर दे, जनता को धोखे में ना रखे। पाटन चुनाव को लेकर अमित जोगी कहा कि मेरी लड़ाई भूपेश बघेल से नहीं है। मेरी लड़ाई भ्रष्टाचार से है। 23 साल से पाटन में पहली बार चुनाव हो रहा है। इससे पहले चाचा-भतीजा के बीच मैच फिक्सिंग रहा है। अमित जोगी केवल चेहरा है, चुनाव लड़ेंगे पटनावासी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की परंपरा में दोहा है, पिता जोगी ने सिखाया है अपने खास पहनावा को लेकर कहा कि यह आत्मीयता, अपनापन का प्रतीक है।

## जान गंवाने वाले मतदान कर्मियों के परिजन को एक-एक करोड़ देने की मांग

**केशकाल,08 नवम्बर 2023(ए)।** कोंडागांव जिले के केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत बहीगांव के समीप बोलेरो और ट्रक के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस हादसे में कोंडागांव से चुनाव कार्य समाप्त कर वापस घर लौट रहे 3 शिक्षकों की मौत हो गई। आरोपी ट्रक चालक दुर्घटना के बाद भाग गया।जान गंवाने वाले मतदान कर्मियों के परिजन को एक-एक करोड़ देने की मांग संघ ने की है।



पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 30 ग्राम बहीगांव के समीप बुधवार तड़के करीब 4.30 बजे बोलेरो और ट्रक के बीच जबरदस्त टक्कर हुई है। जिसमें कोंडागांव से निर्वाचन कार्य समाप्त कर वापस घर लौट रहे तीन शिक्षकों में शिवकुमार नेताम (बेड़मा) एवं संतराम नेताम (फरसगांव) की मौके पर ही मौत हो गई है, वहीं एक शिक्षक हरेंद्र उईके गंभीर रूप से घायल हो गए।उन्हें केशकाल अस्पताल में भर्ती करवाया था। यहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। शिक्षक शिवकुमार नेताम बोलेरो चला रहा था। यह गाड़ी भी उनकी थी। शिवकुमार नेताम का शव बोलेरो में बुरी तरह फंस गया था। इस दुर्घटना में बोलेरो वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही केशकाल थाना प्रभारी आनंद सोनी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया । तीनों शव का पोस्टमार्टम करने के उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया है। हालांकि आरोपी ट्रक चालक दुर्घटना के बाद भाग गया। केशकाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कई धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच कर रही है।

## सीएम भूपेश बघेल को पीएम के नाम से चिढ़ हैः रवि किशन

**बिलासपुर,08 नवम्बर 2023(ए)।**

भाजपा सांसद रवि किशन आज छत्तीसगढ़ के बिलासपुर दौरे पर है। उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान रवि किशन ने कहा, कि यहां मैंने फिल्मों की शूटिंग की है। मैं मानता हूं कि छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया होते हैं। वहां की सरकार ने इसे लूटा है, 15 साल में जो विकास हुआ उसका एक प्रतिशत भी नहीं हुआ। पीएम आवास नहीं मिला, हम 8 लाख आवास तुरंत देंगे। यहां के सीएम भूपेश बघेल तो पीएम के नाम से चिढ़ है। मिली जानकारी के अनुसार भाजपा सांसद रवि किशन ने मोदी की गारंटी का उल्लेख किया और कहा कि 5 साल में इन्होंने छत्तीसगढ़ को लूट कर बर्बाद कर दिया है। वहीं



रवि किशन ने भाजपा के चुनाव प्रचार का वीडियो दिखाया और कहा कि मुंबई वाले कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार पर फिल्म और सीरीज बनाने की तैयारी में है।

बता दें कि जनता में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को लेकर आक्रोश है। बाबा का बुलडोजर छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते भ्रष्टाचारी घोटाले बाजों के खिलाफ चलेगा। ईडी आईटी के दुरुपयोग पर रवि किशन ने कहा कि इसके काम का अपना तरीका है, वो सिस्टम से काम करती है। भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई तो होगी ही।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)